

3 जून 2025 में खेले गए फाइनल मैच पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया 57.6 करोड़ (516 मिलियन) से ज़्यादा लोग जिओ हॉटस्टार पर आईपीएल फाइनल देखा गया.


हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 नागपुर, बुधवार, 4 जून 2025 अंक 229/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-


# 'हम जीत गए हैं'

## पहला खिताब जीतने से चूकी पंजाब किंग्स



### चीकू का 18 साल का सपना हुवा पूरा







### 191 रन चेज कर रहा पंजाब 6 रन से हारा

**अहमदाबाद.**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) का खिताब आरसीबी ने 17 साल बाद जीत लिया है. फाइनल मैच में आरसीबी ने पंजाब किंग्स को 6 रन से हराया. ये मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया. इस मुकाबले में पंजाब की टीम ने टॉस जीतकर आरसीबी को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया था.

दोनों ही टीमें बिना किसी बदलाव के इस महामुकाबले में उतरी थीं. आरसीबी की टीम पहले बैटिंग के लिए उतरी थी. आरसीबी ने 9 विकेट खोकर 190 रन बनाए थे. कोहली के बल्ले से 43 रन आए. वहीं जेमिसन और अर्शदीप ने 3-3 विकेट झटके थे. इसके जवाब में उतरी पंजाब किंग्स 184 रन ही बना सकी और आरसीबी ने ये खिताब जीत लिया. फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी आरसीबी की शुरुआत विराट कोहली और फिल साल्ट ने की. साल्ट ने कुछ दर्शनीय शॉट जरूर लगाए.

लेकिन दूसरे ही ओवर में जेमिसन ने साल्ट को आउट कर दिया. साल्ट के बल्ले से 16 रन ही निकले. इसके बाद मयंक अग्रवाल और कोहली ने पारी को संभाला. मयंक-विराट ने 6 ओवर यानी पहले पावरप्ले के बाद आरसीबी का स्कोर 50 के पार पहुंचा दिया था. लेकिन 7वें ओवर में ही चहल ने मयंक को आउट कर दिया. मयंक के बल्ले से केवल 24 रन ही आए. चहल ने अपने खाते की दूसरी ही गेंद पर विकेट चटकाया. लेकिन इसके बाद कोहली और कप्तान रजत पाटीदार के बीच अच्छी साझेदारी पनपी और दोनों ने आरसीबी को स्कोर 10 ओवर के बाद 89-2 पर पहुंचा दिया. लेकिन 11वें ओवर में ही जेमिसन ने कप्तान रजत पाटीदार को आउट कर दिया. लेकिन कोहली एक छोर पर टिके रहे.12वें ओवर में आरसीबी का स्कोर 100 रन के पार पहुंचा.

लेकिन 15वें ओवर में आरसीबी को सबसे बड़ा झटका तब लगा जब विराट कोहली को उमरजई ने आउट कर दिया. कोहली के बल्ले से 43 रन आए. इसके बाद लिविंग्स्टन और जितेश शर्मा ने तूफानी बल्लेबाजी की. खासकर जितेश शर्मा अलग अंदाज में दिखे. लेकिन 17वें ओवर में लिविंगस्टन को जैमिसन ने आउट कर दिया. उनके बल्ले से केवल 25 रन आए.

लेकिन 18वें ओवर में जितेश शर्मा भी 24 रन बनाकर आउट हो गए. लेकिन इसके बाद शेफर्ड ने 8 गेंद में 17 रन बनाए. लेकिन आखिरी ओवर मे अर्शदीप ने उन्हें आउट कर दिया. इसके बाद अगली ही गेंद पर क्रुणाल पंड्या भी आउट हो गए. पंड्या के बल्ले से 4 रन आए. 20 ओवर में आरसीबी ने 9 विकेट खोकर पंजाब के सामने 191 रनों का लक्ष्य रखा था. पंजाब किंग्स की शुरुआच अच्छी रही. प्रियांश आर्य और 'इम्पैक्ट सब' प्रभसिमरन सिंह ने मिलकर 5 ओवर में 43 रनों की साझेदारी की.

इस साझेदारी को जोश हेजलवुड ने तोड़ा, जिन्होंने प्रियांश आर्य को फिल साल्ट के हाथों कैच आउट कराया. प्रियांश ने 24 रन बनाए. इसके बाद जोश इंग्लिश और प्रभसिमरन के बीच अच्छी साझेदारी हुई. लेकिन 9वें ओवर में प्रभसिमरन आउट हो गए. क्रुणाल पंड्या ने उन्हें अपना शिकार बनाया. प्रभसिमरन के बल्ले से 26 रन निकले. लेकिन इसके बाद 9वें ओवर में कप्तान श्रेयस अय्यर कुछ कमाल नहीं कर पाए और केवल 1 रन बनाकर शेफर्ड का शिकार बन गए. ये पंजाब के लिए बहुत बड़ा झटका था. इसके बाद जोस इंग्लिश और नेहाल वढ़ेरा पर सारा दारोमदार था. लेकिन 13वें ओवर में क्रुणाल पंड्या ने जोस इंग्लिश का विकेट झटक लिया और आरसीबी की वापसी कराई. इंग्लिश के बल्ले से केवल 39 रन ही निकले. इसके बाद नेहाल वढ़ेरा और शशांक सिंह के बीच अच्छी साझेदारी पनपी.

आईपीएल 2025 में, कुछ खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्होंने अविश्वसनीय स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं, खासकर छोटी पारियों में। वर्तमान में सबसे खतरनाक स्ट्राइक रेट वाले खिलाड़ियों में से कुछ हैं. रोमारियो शेफर्ड (आरसीबी): इन्होंने एक मैच में 14 गेंदों पर 53 रन बनाकर 378.57 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की है। क्वेना मफाका (आरआर): इनका स्ट्राइक रेट 400.00 रहा है, हालांकि उन्होंने कम रन बनाए हैं। लॉकी फर्ग्यूसन (पीबीकेएस): इनका भी स्ट्राइक रेट 400.00 है। आकाश दीप (एलएसजी): इनका स्ट्राइक रेट 300.00 है। यदि हम उन बल्लेबाजों की बात करें जिन्होंने सीज़न में अच्छी संख्या में रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट भी काफी प्रभावशाली है, तो उनमें कुछ नाम हैं. निकोलस पूरन (एलएसजी): 14 मैचों में 524 रन 196.25 के स्ट्राइक रेट से। अभिषेक शर्मा (एसआरएच): 14 मैचों में 439 रन 193.39 के स्ट्राइक रेट से। वैभव सूर्यवंशी (आरआर): 7 मैचों में 252 रन 206.55 के स्ट्राइक रेट से। ट्रैविस हेड (एसआरएच): इन्हें भी आईपीएल के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से एक माना जाता है, जिनका करियर स्ट्राइक रेट 174.18 है।

### सबसे ज्यादा रन



आईपीएल 2025 में सबसे ज्यादा रन गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन ने बनाए हैं. उन्होंने 15 मैचों में कुल 759 रन बनाए और ऑरेंज कैप जीती है. उनके बाद दूसरे नंबर पर मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव हैं, जिन्होंने 717 रन बनाए हैं.

### सबसे ज़्यादा विकेट



आईपीएल 2025 में सबसे ज़्यादा विकेट प्रसिद्ध कृष्णा ने लिए हैं. उन्होंने 15 मैचों में 25 विकेट हासिल किए हैं. उनके बाद दूसरे नंबर पर चेन्नई सुपर किंग्स के नूर अहमद हैं, जिन्होंने 14 मैचों में 24 विकेट लिए हैं.

### सबसे ज़्यादा छक्के



आईपीएल 2025 में सबसे ज्यादा छक्के निकोलस पूरन के नाम हैं, जिन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेलते हुए 40 छक्के लगाए हैं।

### सबसे ज्यादा चौके



आईपीएल 2025 में सबसे ज्यादा चौके लगाने वाले खिलाड़ी लखनऊ सुपर जायंट्स, साई सुदर्शन हैं, जिन्होंने कुल 88 चौके लगाए हैं।

आईपीएल 2025 में सबसे अच्छी इकॉनमी रेट वाले गेंदबाज इस प्रकार हैं: नमन धीर (मुंबई): 5.25 की इकॉनमी रेट के साथ सबसे ऊपर हैं। नुवान तुषारा (बैंगलोर): 6.50 की इकॉनमी रेट। जसप्रीत बुमराह (मुंबई): 6.67 की इकॉनमी रेट। अनुकुल रॉय (कोलकाता): 6.75 की इकॉनमी रेट। कुलदीप यादव (दिल्ली): 7.07 की इकॉनमी रेट। यह डेटा 3 जून, 2025 तक के मैचों पर आधारित है।

# यमुना में डूबीं 6 किशोरियां, 4 की मौत, 2 की हालत गंभीर

**सुनील साकेत/आगरा.**

उत्तर प्रदेश आगरा के थाना सिकंदरा क्षेत्र में मंगलवार को एक साथ 6 किशोरियां नदी में डूब गईं। इनमें से चार की मौत हो गई है। दो की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। सभी किशोरियां यमुना में नहाने के लिए आई थीं। पैर फिसलने के कारण वे गहराई में चली गईं, जिससे चार की डूबने से मौत हो गई। पुलिस और प्रशासन ने गोताखोरों और स्टीमर की मदद से सभी 6 किशोरियों को बाहर निकाल लिया है। शवों को पोस्टमॉर्टम गृह भेज दिया है।

बच्चियों की मौत पर गांव में मातम पसर गया है। घटना सुबह 11 बजे की है। थाना सिकंदरा के बाईंपुर के नगला स्वामी गांव की किशोरियां गर्मी अधिक होने के कारण यमुना में नहाने चली गईं। सभी किशोरियों की उम्र 10 से 16 वर्ष के बीच है। जिनमें से चार की डूबने से मौत हो गई है। दो को गंभीर अवस्था में यमुना से बाहर निकाला है। जिन्हें इलाज के लिए भर्ती कर दिया है। मौके पर पहुंचे अपर पुलिस कमिश्नर राम बदन सिंह ने बताया कि पैर फिसलने के कारण वे गहरे पानी में चली गई थीं। मौके पर जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी समेत पुलिस के आला अधिकारी पहुंच गए थे। इस दिल दहला देने वाले हादसे से गांव में मातम का माहौल है। बच्चियों के नदी में डूबने की सूचना पर ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस और प्रशासन की टीम एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंच गई। तब तक गोताखोर स्टीमर लेकर नदी में कूद गए थे। गोताखोरों ने तीन लड़कियों को स्टीमर की मदद से बाहर निकाल लिया था, जबकि तीन खुद ही बाहर निकल आई थीं। स्थानीय लोगों ने बताया कि इनमें से दो किशोरियां रिश्तेदारी में घूमने आई थीं। सभी एक ही परिवार से ताल्लुक रखती थीं।



### पीएम हाउस पहुंचे शव

यमुना में नहाने गईं किशोरियों की उम्र 10 से 16 साल के बीच हैं। इनमें दिव्या, नैना, मुस्कान, संध्या की मौत हो गई है। दो किशोरियों को एसएन मेडिकल कालेज में रेफर किया गया है। इनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वहीं घायलों का इलाज किया जा रहा है।

# भूस्खलन की वजह से लाचेन, लाचुंग में पर्यटकों की यात्रा पर रोक

**गंगटोक.**

कई स्थानों पर भारी भूस्खलन के मद्देनजर, सिक्किम के पर्यटन और नागरिक उड्डयन विभाग ने एक आधिकारिक सलाह जारी कर पर्यटकों को उत्तरी सिक्किम के लोकप्रिय स्थलों लाचेन और लाचुंग की ओर जाने वाली सड़कों को अस्थायी रूप से बंद करने के बारे में चेतावनी दी है। 3 मई को जारी बयान के अनुसार, भूस्खलन के कारण प्रभावित इलाकों में आवागमन असंभव हो गया है, जिससे कई पर्यटक इस क्षेत्र में फंस गए हैं। अधिकारियों ने जोर देकर कहा है कि लाचेन और लाचुंग तक पहुंच रोक दी गई है, लेकिन सिक्किम के अन्य सभी हिस्से खुले हैं और यात्रा के लिए सुरक्षित हैं। विभाग ने पर्यटकों से आग्रह किया है कि वे अपनी यात्रा योजनाओं का पुनर्मूल्यांकन करें और संभावित असुविधा या सुरक्षा जोखिमों से बचने के लिए प्रभावित क्षेत्रों से बचें। अधिकारियों ने आगे आश्वासन दिया कि बहाली का काम चल रहा है और स्थिति के विकसित होने पर वास्तविक समय में अपडेट प्रदान किए जाएंगे। राज्य में पहले से मौजूद पर्यटकों को सलाह दी गई है कि वे नवीनतम घटनाक्रम के लिए स्थानीय अधिकारियों और उनके टूर ऑपरेटरों के साथ निकट संपर्क में रहें।



# दिल्ली पुलिस ने बड़े साइबर फ्रॉड और सेक्सटॉर्शन रैकेट का किया भंडाफोड़

## 28 मोबाइल, 30 सिम, 15 डेबिट कार्ड बरामद



**नई दिल्ली.**

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने एक बड़े साइबर फ्रॉड और सेक्सटॉर्शन रैकेट का पर्दाफाश किया है, जो राजस्थान, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में फैला हुआ था. पुलिस ने इस गिरोह के 6 लोगों को गिरफ्तार किया है और 9 लोगों को नोटिस देकर पाबंद किया गया है. इस नेटवर्क में बैंकिंग फ्रॉड, फर्जी लोन कॉल सेंटर और सेक्सटॉर्शन जैसे कई अपराधों को अंजाम दिया जा रहा था. 24 मई 2025 को नई दिल्ली के न्यू अशोक नगर इलाके में पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक गिरोह फर्जी बैंक अकाउंट किट्स का इस्तेमाल कर रहा है. कार्रवाई के दौरान उज्जवल पांडे, गौरव बरुआ और युग शर्मा को गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से 28 मोबाइल, 30 सिम, 2 लैपटॉप, 8 चेकबुक, 15 डेबिट कार्ड और कई फर्जी दस्तावेज मिले. इन किट्स का इस्तेमाल साइबर ठगी में किया जाता था. आरोपी पीड़ितों को व्हाट्सऐप पर लुभावने लोन ऑफर देते थे और उनसे आधार-पैन जैसे दस्तावेज मंगवाते थे. फिर प्रोसेसिंग फीस के नाम पर क्वीअर कोड भेज कर पैसे ठगते थे. पैसे मिलने के बाद उनका नंबर बंद कर दिया जाता था.

# 'झेपटो' के धारावी फूड सेंटर पर एफडीए की कार्रवाई

**मुंबई.** अगर आप भी झेपटो कंपनी से सामान मंगाते हैं तो यह खबर आपके लिए है. ज़िप्तो के वेयर हाउस में गंदगी की भरमार देखने को मिली है. इतना ही नहीं सामान खराब और सड़ी हुई अवस्था में नजर आए. महाराष्ट्र फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म जेप्टो की पैरेंट कंपनी किरण कार्ट टेक्नोलॉजीज का फूड बिजनेस लाइसेंस रद्द कर दिया है. यह कार्रवाई मुंबई के धारावी स्थित उसके सेंटर पर अचानक किए गए निरीक्षण के बाद की गई है. अधिकारियों के मुताबिक इस जांच में फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स एक्ट, 2006 और फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स (लाइसेंसिंग एंड रजिस्ट्रेशन ऑफ फूड बिजनेस) रेगुलेशंस, 2011 के कई उल्लंघन पाए गए.


# विशालगढ़ किले में दरगाह पर जानवरों की कुर्बानी की अर्जी

**नई दिल्ली.** बॉम्बे हाई कोर्ट ने मंगलवार को बकरीद त्योहार के अलावा महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले के विशालगढ़ किले में स्थित दरगाह पर आयोजित उर्स के मौके पर पशुओं की बलि (कुर्बानी) देने को अनुमति दे दी. किला एक संरक्षित स्मारक है, जिसका हवाला देते हुए अधिकारियों ने परिसर में जानवरों और पक्षियों की बलि देने पर रोक लगा दी थी. न्यायमूर्ति नीला गोखले और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला की अवकाशकालीन पीठ ने हजरत पीर मलिक रेहान दरगाह न्यास की एक अर्जी पर सुनवाई की, जिसमें जानवरों की बलि (कुर्बानी) देने की अनुमति मांगी गई थी. पीठ ने सात जून को मनाए जाने वाले बकरीद के त्योहार और विशालगढ़ किले में स्थित दरगाह पर आठ से 12 जून तक आयोजित होने वाले चार-दिवसीय उर्स (मेला) के दौरान पशुओं की बलि देने की अनुमति दे दी. अदालत ने कहा कि यह आदेश न केवल दरगाह न्यास पर लागू होगा, बल्कि अन्य श्रद्धालुओं पर भी लागू होगा.



# 'एक पेड़ मां के नाम' पहल का एक साल

## कल पीएम मोदी दिल्ली में करेंगे पौधारोपण



**नई दिल्ली.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 जून को पर्यावरण दिवस के मौके पर दिल्ली के महावीर जयंती पार्क में पौधारोपण करेंगे. यह कार्यक्रम 'एक पेड़ मां के नाम पर' की एक वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है. इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृभूमि और मातृत्व का सम्मान करना है. इस खास मौके पर प्रधानमंत्री स्वयं पौधे लगाएंगे और कार्यक्रम की सफलता का जश्न मनाएंगे. दरअसल, 'एक पेड़ मां के नाम पर' कार्यक्रम पिछले एक साल से लगातार चला आ रहा है और इसमें लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया गया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद किए गए पहले 'मन की बात' रेडियो प्रोग्राम के 111वें एपिसोड में अपनी मां को याद करते हुए इसकी शुरुआत करने की बात कही थी. पीएम मोदी ने मां के रिश्ते और पर्यावरण पर कहा कि इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर एक विशेष अभियान शुरू किया गया है.

इस अभियान का नाम है - 'एक पेड़ मां के नाम'. मैंने भी एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाया है. 5 जून को होने दिल्ली में होने वाले वाले कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और रेखा गुप्ता भी उपस्थित रहेंगे. वे भी प्रधानमंत्री के साथ मिलकर पौधारोपण करेंगे और कार्यक्रम की उपलब्धियों पर चर्चा करेंगे. इस मौके पर पर्यावरणविद, नागरिक समाज के प्रतिनिधि तथा मीडिया कर्मी भी शामिल होंगे. गौरतलब है कि दुनियाभर में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और पृथ्वी की रक्षा के लिए कलेक्टिव एफ्फोर्ट्स को बढ़ावा देना है.

उन्होंने यह भी कहा कि पॉल्यूशन को लेकर हम स्टार्टअप्स को निमंत्रण देंगे. जितने भी प्रदूषण और धूल के कण हवा में है, पहले छोटे स्तर पर पानी का छिड़काव होता था, लेकिन हमने ये समझा पॉल्यूशन केवल 2 महीने रहने वाली दिक्कत नहीं है, ये 12 महीने ध्यान में रखकर करने वाला सेगमेंट है. इसलिए 70 मैकेनिकल स्वीपिंग अब सड़कों को साफ करने के लिए इस्तेमाल होगा. वहीं 13 पॉल्यूशन हॉटस्पॉट से बड़े बड़े पोल पर मिस्ट स्प्रे लगाए जाएंगे.

# देश भर में कोरोना के एक्टिव केस 4 हजार के पार

## > 24 घंटे में 5 की मौत

**नई दिल्ली.**

भारत में कोरोना के मामले एक बार फिर बढ़ रहे हैं। बीते 24 घंटों में इस महामारी से 5 लोगों की मौत हुई है। अब तक 4026 एक्टिव केस सामने आए हैं। ये मौतें केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में हुईं। मरने वाले सभी लोगों को पहले से ही कोई बीमारी थी। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में कोविड-19 के सक्रिय मामले बढ़कर 4026 हो गए हैं। महाराष्ट्र में कोविड-19 के 59 नए मामले सामने आए, जिनमें से 20 अकेले मुंबई से हैं। महाराष्ट्र में इस साल एक जनवरी से अब तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 873 हो गई है। पश्चिम बंगाल में कोविड-19 के 44 नए मामले सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में कोविड के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 331 है। कर्नाटक में कोविड-19 के 87 नए मामले सामने आए जिससे राज्य में मरीजों की संख्या बढ़कर 311 हो गई है। कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच बीते 24 घंटे में 5 लोगों की जान गई है।


केरल में 80 साल के बुजुर्ग की मौत हुई। उन्हें निमोनिया, डायबिटीज, हाइपरटेंशन और हृदय रोग था। महाराष्ट्र में 70 और 73 साल की दो महिलाओं की मौत हुई, दोनों को डायबिटीज और हाइपरटेंशन था। तमिलनाडु में 69 साल की एक महिला की मौत हुई, उन्हें टाइप 2 डायबिटीज और पार्किंसन रोग था। पश्चिम बंगाल में 43 साल की एक महिला की मौत हुई। उन्हें एक्यूट कोरोनरी सिंड्रोम, सेप्टिक शॉक और एक्यूट किडनी इंजरी थी। इससे पहले दिल्ली में भी 60 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई थी। वो आंतों की बीमारी से जूझ रही थी।



### केंद्र-राज्य सरकार पूरी तरह अलर्ट

कोरोना के मामले बढ़ने के बावजूद, स्वास्थ्य अधिकारियों ने लोगों से न घबराने की अपील की है। केंद्र और राज्य सरकारों ने एहतियाती उपाय बढ़ा दिए हैं। अस्पतालों को अलर्ट पर रखा गया है। वे बेड की उपलब्धता की समीक्षा कर रहे हैं और ऑक्सीजन सिलेंडर और अन्य आपातकालीन संसाधनों का स्टॉक कर रहे हैं।

# पेंगुइन बच्चों को मराठी नाम देने की मांग



● महाराष्ट्र में धरतीपुत्र की राजनीति, जो अब तक इंसानों तक ही सीमित थी, लेकिन उसने एक दिलचस्प मोड़ ले लिया है. शहर के चिड़ियाघर में पैदा हुए पेंगुइन के बच्चों को मराठी नाम दिया जाए. नेताओं का तर्क है कि उड़ने में असमर्थ पक्षी जन्म से ही महाराष्ट्र के निवासी हैं, ऐसे में इन तीनों पेंगुइन के बच्चों के नाम मराठी रखे जाए.

# थाईलैंड से भारत लाया जा रहा था ज़हर!

## एयरपोर्ट पर पकड़े गए दर्जनों सांप


**मुंबई.**

हम अक्सर ये देखते सुनते हैं कि एयरपोर्ट पर यात्रियों की जांच के दौरान उनसे सोने और दूसरे महंगी चीजें बरामद होती हैं, लेकिन देश की आर्थिक राजधानी में मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक अजीबो-गरीब नजारा देखने को मिला. यहां कस्टम की जांच में एक भारतीय यात्री से अधिकारियों ने 47 विषैले सांप और पांच कछुए बरामद किए. यात्री के पास से सांप बरामद होने पर सुरक्षा स्टॉफ भी डर गया. बाताया जा रहा है कि जिस यात्री से जहरिले सांप बरामद हुए वो थाईलैंड गया था.

उसने भारत आने के लिए बैंकांक से फ्लाइट ली थी. यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया है. जानकारी के अनुसार, छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक भारतीय यात्री के पास 47 बहुत विषैले सांप और पांच कछुए मिले.

अधिकारियों ने बताया कि उन्हें रात में एक यात्री पर संदेह हुआ, जिसके बाद उन्होंने उसे रोका. जब उसके बैग की चेकिंग की गई तो बैग में 47 बेहद जहरीले वाइपर सांप और पांच कछुए मिले.

अधिकारियों ने बताया कि रॉ (वन्यजीव कल्याण के लिए रेसक्विंक एसोसिएशन) की एक टीम ने इन सांपों और कछुओं की प्रजातियों की पहचान करने में सहायता की. अब वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन एक्ट के तहत इन सांपों और कछुओं को वापस उस देश भेजा जाएगा. सुरक्षा एजेंसियों ने यात्री के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है. यात्री के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई हो रही है.



### सरंक्षित या संकटग्रस्त प्रजातियों का आयात प्रतिबंधित

● अधिकारियों के अनुसार, यात्री के चेक इन बैग से मिले सांपों और कछुओं में तीन स्पाइडर टेल्ड हॉर्न्ड वाइपर, पांच एशियन लीफ टर्टल और 44 इंडोनेशियन पिट वाइपर शामिल थे. भारत में विभिन्न वन्यजीव संरक्षण कानूनों के तहत इनको जब्त किया गया है. ये जीव भारत में अलग-अलग वन्यजीव संरक्षण कानूनों के तहत प्रतिबंधित किए गए हैं. बता दें कि भारत में सरंक्षित या संकटग्रस्त प्रजातियों का आयात प्रतिबंधित किया गया है. सीमा शुल्क अधिकारियों ने एक डिश में छटपटाते रंग-बिरंगे सांपों की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी की हैं.

## पुलिस ने जब्त किये 19 फोन

**ठाणे.** महाराष्ट्र एटीएस और ठाणे ग्रामीण पुलिस ने सोमवार को राष्ट्र विरोधी गतिविधियों की जांच के सिलसिले में ठाणे के पडघा में छापेमारी की. इस दौरान अलग-अलग लोगों से कुल 19 मोबाइल जप्त किए गए और उन्हें फोरेंसिक लैब भेजा गया है. सूत्रों ने बताया कि मोबाइल की फोरेंसिक जांच करने पर यह स्पष्ट हो पायेगा की उनके पास किस तरह के कंटेंट हैं या उनकी सोच क्या रही होगी. इस मामले में महाराष्ट्र एटीएस ने 2 एफआईआर आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत दर्ज की है. साथ ही बताया कि इन दोनों मामलों में 2 लोगों को आरोपी बनाया गया, जिन्हें नोटिस देकर छोड़ दिया गया है. सूत्रों ने आगे बताया कि दोनों को पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा. इसके अलावा जब भी जरूरी होगा तो कई और संदिग्ध भी हैं, जिन्हें पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा. साथ ही इससे विश्वसनीय गोपनीय जानकारी प्राप्त हुई कि वह देश के खिलाफ आतंकी साजिश रचने और उसे अंजाम देने की संभावना रखते थे. इस पृष्ठभूमि के आधार पर, ठाणे एटीएस ने न्यायालय से, पडघा में संदिग्धों के घरों की तलाशी के लिए वारंट प्राप्त किए.

## शिंदे गुट के मंत्री ने अजित पवार पर जताई नाराजगी

### बोले- 'हमारे विकास कामों पर...'

**मुंबई.** राज्य में महायुती सरकार में इन दिनों सब ठीक नहीं है. बीजेपी के बाद अब एकनाथ शिंदे गुट के मंत्रियों ने एनसीपी अध्यक्ष और महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री अजित पवार को लेकर शिकायत की है. सूत्रों ने मुताबिक, शिवसेना के मंत्रियों ने एकनाथ शिंदे से कहा कि अजित पवार हमारे विकास कामों पर रोक लगाते हैं. हमें पैसे नहीं देंगे तो हम काम कैसे करेंगे- मंत्री. आज एकनाथ शिंदे ने सभी शिवसेना के मंत्रियों की बैठक बुलाई थी. कैबिनेट की बैठक के बाद यह बैठक हुई. इस बैठक में अजित पवार के खिलाफ सभी मंत्रियों ने आवाज उठाई. मंत्रियों ने कहा, ''अजित पवार वित्त मंत्री हैं और वह हमें पैसे नहीं देंगे तो हम काम कैसे करेंगे? सरकार में सभी को समान अधिकार मिलना चाहिए.'' इसपर एकनाथ शिंदे ने मंत्रियों को आश्वासन दिया कि मैं खुद अजित पवार और देवेंद्र फडणवीस से बातचीत करूंगा और समस्या का हल निकालूंगा. पिछले दिनों बीजेपी विधायकों और मंत्रियों ने अजित पवार के खिलाफ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से शिकायत की थी. बीजेपी नेताओं ने कहा था कि पवार



बीजेपी नेताओं और अधिकारियों के विरोधियों का समर्थन कर रहे हैं. बीजेपी नेताओं का दावा है कि पवार उन उम्मीदवारों को मजबूत कर रहे हैं, जिन्होंने 2024 के चुनाव में बीजेपी को हराया था. इससे आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में पार्टी की स्थिति कमजोर हो सकती है.बता दें कि महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में बीजेपी, शिवसेना और एनसीपी गठबंधन की सरकार है. तीनों दलों में फंड को लेकर विवाद सामने आया है. नेताओं की शिकायत है कि अजित पवार का मंत्रालय फंड रिलीज नहीं कर रहा है. अजित पवार से नाराजगी को लेकर विपक्षी पार्टियां तंज कस रही है. पिछले दिनों शिवसेना यूबीटी के विधायक सचिन अहिर ने कहा था कि केवल बीजेपी विधायक ही नहीं, बल्कि पूरा मंत्रिमंडल अजित पवार से नाखुश है. उन्हें निधि नहीं मिल रही है.

## बकरा मंडियों में ईद की रौनक

### > मेवात के बकरों की सबसे ज्यादा मांग

**मुंबई.**

मुंबई के देवनार बकरा मंडी एशिया का सबसे बड़ा बकरा बाजार है. यहां विशेष रूप से ईद-उल-अजहा (बकरीद) के दौरान के रौनक देखने को मिलती है. यहां बकरों की कीमत 10 हजार से शुरू होती है. बकरीद देश भर में शनिवार को मनाई जा रही है. ईद पर बकरों की कुर्बानी की प्रथा पुरानी है. यही कारण है कि ईद पर बकरों की मांग ज्यादा रहती है और कीमत भी ज्यादा मिलती है. ईद पर एशिया के सबसे बड़े बकरा मंडी यानी देवनार में बकरों की मांग रहती है, इनकी कीमत भी प्रति बकरा 10 हजार से 3 लाख हजार तक जा रही है. अलवर के मेवात से बड़ी संख्या में लोग बकरे बिक्री के लिए मुंबई की देवनार मंडी आए है. इस बार ईद पर बकरा पालकों को भी अच्छा मुनाफा हुआ है. यहां अलवर के मेवात के बकरों की मांग ज्यादा रहती है. बकरीद पर भारत से बकरे इस्लामिक देशों में भी भेजे जाते हैं. मुंबई की देवनार मंडी में आम बकरों की कीमत 10 हजार से शुरू होती है और अलवर मेवात के बकरों की कीमत 40 से 45 हजार रुपये आसानी से मिल जाती है, लेकिन उससे ज्यादा




वजन और चुस्त बकरों की कीमत 3 लाख तक जा रही है. इनमें तोतापुरी, खस्सी और देसी नस्ल के बकरे लोगों की पसंद रहती है. बकरा पालन से जुड़े लोगों का कहना है कि दो-तीन माह का बकरा करीब 5-7 हजार रुपये में आसानी से मिल जाता है. इन्हें तैयार करने के लिए मक्का, ज्वार, तिल का तेल, हरा चारा खिलाया जाता है. इस खुराक से बकरों की सेहत अच्छी रहती है, जिससे पशुपालकों को बकरों के अच्छे दाम मिल पाते है. बकरीद के समय बकरे का औसत विक्रय मूल्य 25000 से 30000 तक होता है, जिसका वजन लगभग 40 से 50 किलोग्राम होता है. सामान्य से अधिक वजन वाले बकरे की कीमत 90,000 से 1 लाख रुपये तक होती है, जिनका वजन लगभग 70 किलोग्राम से अधिक होता है.

## कांग्रेस नेता विजय कौशल के छोटे भाई की हत्या

**अकोला.**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय कौशल के छोटे भाई संजय कौशल (60) की हत्या कर दी गई. हत्या की इस वारदात को रानपीसे इलाके में अंजाम दिया गया. संजय कौशल पीडब्ल्यूडी के रिटायर्ड इंजीनियर थे. बताया जा रहा है कि आरोपी का नाम महेंद्र पवार है. आरोपी की संजय कौशल से पुरानी रंजिश चल रही थी. उसी के चलते उसने सोमवार रात इस घटना को अंजाम दिया.



बताया जा रहा है कि आरोपी महेंद्र पवार ने बड़े ज्योतिर्लिंग मंदिर के पास एक अपार्टमेंट के पास रिटायर्ड इंजीनियर संजय कौशल पर लोहे के हथियार से वार किया. गंभीर हालत में संजय कौशल को स्थानीय लोगों ने अकोला के एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.

जानकारी के अनुसार, हमलावर महेंद्र पवार एक सजायाफ्ता अपराधी है, जो एक मामले में जेल में बंद था. वह फिलहाल जमानत पर बाहर था. उसने संजय कौशल के सीने और सिर पर लोहे की रॉड से कई वार किए, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई. यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई. पुलिस इस मामले की जांच कर रही है.

इस बीच चर्चा है कि हत्या पुराने विवाद को लेकर की गई है. पुलिस ने आरोपी महेंद्र पवार को गिरफ्तार कर लिया है. संजय कौशल अकोला से वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय कौशल के छोटे भाई हैं. महेंद्र पवार का कई मामलों में आपराधिक इतिहास रहा है. महेंद्र पवार ने इसके पहले भी एक व्यक्ति पर हमला किया था. उस मामले में वह जमानत पर रिहा हुआ था. आरोपी महेंद्र पवार और मृतक संजय कौशल रणपिसे नगर के मुरलीधर टावर में रहते थे. हत्या पुराने विवाद को लेकर की गई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी.

# रसोई पर महंगाई का वार

**मुंबई.**

महाराष्ट्र और दूसरे राज्यों में हो रही मूसलाधार बारिश की वजह से प्याज और टमाटर की फसल खराब हो गई है. जिसकी वजह से दिल्ली में टमाटर और प्याज की सप्लाई कम हो गई है. जिसका असर कीमतों में देखने को मिल रहा है. जून के महीने में ही टमाटर के दाम रिटेल में 24 रुपए से बढ़कर 30 रुपए हो चुके हैं. जिसके अगले दो हफ्तों में दोगुने और एक महीने में 80 रुपए से 100 रुपए तक पहुंचने के आसार हैं. वहीं दूसरी ओर प्याज की कीमतों में भी 6 रुपए प्रति किलो का इजाफा देखने को मिल चुका है. अगले एक महीने में प्याज के दाम 50 रुपए तक पहुंच सकते हैं. वास्तव में महाराष्ट्र में मई के दूसरे पखवाड़े में प्याज की कीमतों में 20 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिल चुकी है. जिसका असर देश की दूसरी मंडियों या यूं कहें कि देश की



राजधानी दिल्ली में देखने को मिल रहा है. जानकारों की मानें प्याज और टमाटर दोनों की फसल काफी खराब हुई है. भारी बारिश का असर सप्लाई पर भी देखने को मिल रहा है. आने वाने दिनों में प्याज और टमाटर की कीमतों में और भी इजाफा देखने को मिल सकता है. आइए आपको भी बताते हैं कि दिल्ली में प्याज और टमाटर की कीमतों में कितनी तेजी देखने को मिली है और आने वाले दिनों में दाम कहां तक जा सकते हैं. बीते दो दिनों यानी एक और दो जून को प्याज और टमाटर की कीमतों में 40 से 50 फीसदी की तेजी देखने को मिल चुकी है. ये तेजी रिटेल भाव में देखी गई है. 31 मई को देश की राजधानी दिल्ली में प्याज का रिटेल भाव 20 रुपए प्रति किलोग्राम था, जो 2 जून को बढ़कर 30 रुपए प्रति किलोग्राम हो गया है. वहीं टमाटर का रिटेल भाव पिछले महीने के आखिरी दिन 20 रुपए प्रति किलोग्राम था जो 2 जून को बढ़कर 35 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गया था. इसका मतलब है कि टमाटर की कीमतों में दो दिनों में 15 रुपए यानी 75 फीसदी का इजाफा देखने को मिला. जबकि प्याज में 50 फीसदी की तेजी देखने को मिली है.

### टमाटर-प्याज फिर फिर आई बढ़ोत्तरी

**सब्जियों की कीमतों में उछाल:** वहीं मंडी के भाव की बात करें तो 31 मई को प्याज की कीमतें 15 रुपए प्रति किलोग्राम थी, जो 2 जून को बढ़कर 21 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई. इसका मतलब है कि मंडी में प्याज की कीमतों में 40 फीसदी की तेजी देखने को मिली थी. वहीं दूसरी ओर 31 मई को टमाटर का मंडी में थोक भाव 20 रुपए प्रति किलोग्राम देखने को मिला था, जो 2 जून को बढ़कर 27 रुपए प्रति किलोग्राम हो गया. इसका मतलब है कि दो दिनों में टमाटर की कीमतों में 35 फीसदी का इजाफा देखने को मिला है.

## मुंबई से 2 बांग्लादेशी गिरफ्तार



**मुंबई.** मुंबई की सहार पुलिस ने मुंबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर दो बांग्लादेशी नागरिकों को फर्जी पासपोर्ट का इस्तेमाल कर जेददा के रास्ते नॉर्वे जाने की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया है, आरोपियों की पहचान सुब्रतो कालीपद मंडल और मीता गौरपद बिस्वास के रूप में हुई है, जिन्हें इमिग्रेशन जांच के दौरान पकड़ा गया. सहार पुलिस अधिकारी के अनुसार, दोनों व्यक्ति बांग्लादेश के खुलना और गोपालगंज जिलों के रहने वाले हैं, कथित तौर पर वे छह साल पहले पश्चिम बंगाल के रास्ते अवैध रूप से भारत में दाखिल हुए थे और तब से कोलकाता में रह रहे थे.

## निवीदा सुचना

**जा. क्र. नपंपा/ जन्म मृत्यू वि / 392/ 2025** **दिनांकः- 3/6/2025**

सर्वसाधारण माहितीकरीता जन्म मृत्यु विभागातील जन्म मृत्यु डाटा एन्ट्री करणे करीता नविदा सुचना प्रसिध्द करण्यात येते की, न.पं. ला जन्म मृत्यु विभागाच्या सिलबंद निविदा कंत्राटदाराकडून/पुरवठाधारकाकडून दिनांक 13/06/2025 चे दुपारी 3.00 वाजेपर्यंत नगर पंचायत कार्यालयात मागविण्यात येत आहे. सदर कामाचे अटी व शर्ती आणि कोरे निविदा प्रपत्र रोखीने जन्म मृत्यु विभागात निविदा प्रसिध्दीपासून दिनांक 12/6/2025 चे दुपारी 4:00 वाजेपर्यंत कार्यालयीन वेळात (शासकीय सुट्टीचे दिवस वगळून) मिळू शकतील प्राप्त झालेल्या सिलबंद निविदा शक्य झाल्यास त्याच दिवशी सायं 5:00 वाजता उपस्थित कंत्राटदार/पुरवठादार किंवा त्यांचे अधिकृत प्रतिनिधी समक्ष उघडण्यात येईल.

**अटी व शर्ती :-** वरिल कामाच्या अधिक माहीत व अटी व शर्ती साठी जन्म मृत्यु विभागासी संपर्क साधावा.

**मुख्याधिकारी**
**नगर पंचायत पारशिवनी**

## आज का राशिफल

**मेष** - आज खर्चों में वृद्धि हो सकती है। परिवार के बड़े-बुजुर्ग धन से जुड़ी कीमती सलाह दे सकते हैं। '

**वृषभ** - सेहत पर आज नजर रखने की जरूरत है। आर्थिक स्थिति में सुधार निश्चित है। आज का दिन आपके परिवार में खुशियों की सौगात ला सकता है।

**मिथुन** - आज फिट रहने के लिए दिन की शुरुआत एक्सरसाइज से करें। आपको आर्थिक लाभ होगा। प्रेमी-प्रेमिका के बीच अनबन हो सकती है।

**कर्क** - आज आपको घरेलू परेशानियां घेर सकती हैं लेकिन परेशान होने की जरूरत नहीं है आप इनका हल निकाल लेंगे। व्यापारिक उन्नति के संकेत हैं।

**सिंह** - आज आपको मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। अपने भविष्य को समृद्ध बनाने के लिए अपने अतीत में जो भी पैसा निवेश किया था, उसका आज फल मिलेगा।

**कन्या** - आज आपका आर्थिक बोझ बढ़ेगा। अगर आप ग्रुप एक्टिविटी में शामिल होंगे तो आप नए दोस्त बनाएंगे। कार्यों को सफलतापूर्वक करने में सफल रहेंगे।

**तुला राशि**- आज आपका आत्मविश्वास व एनर्जी बढ़ी हुई रहेगी। एनर्जी बढ़ने से कार्यों में गति आएगी। जीवनसाथी कठिन परिस्थितियों में आपका साथ देगा।

**वृश्चिक** - आज आपको निवेश से बचना चाहिए, वरना नुकसान हो सकता है। सामाजिक मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अपनों का साथ मिलेगा।


**धनु** - आज मानसिक परेशानियों से छुटकारा पाने के लिए योग व ध्यान का सहारा लें। लंबी दूरी की यात्रा संभव है। आर्थिक रूप से दिन ठीक ठाक रहने वाला है।

**मकर** - आज का दिन आपके लिए खुशी व आनंद से भरा रहने वाला है। कार्यस्थल पर आपके पिता की कोई सलाह फायदेमंद साबित हो सकती है।

**कुंभ** - आज आपको किसी पुरानी बीमारी से राहत मिल सकती है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले जातकों को शुभ समाचार मिल सकता है।

**मीन** - आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। भवन या जमीन जायदाद के सुख में वृद्धि होगी।

## एप्लास्टिक एनीमिया: एक दुर्लभ लेकिन गंभीर रक्त रोग




**मुंबई.**

एप्लास्टिक एनीमिया एक गंभीर और दुर्लभ रक्त रोग है, जिसमें बोन मैरो असामान्य स्टेम कोशिकाओं का निर्माण करता है। यह बीमारी आमतौर पर परिवारों में पीढ़ी दर पीढ़ी चलती है और बचपन या वयस्कता की शुरुआत में इसका निदान होता है। सामान्य एनीमिया से अलग, एप्लास्टिक एनीमिया में शरीर तीनों प्रकार की रक्त कोशिकाओं- सफेद रक्त कोशिकाएं, लाल रक्त कोशिकाएं, और प्लेटलेट्स की संख्या में भारी कमी आ जाती है। डॉक्टर इस बीमारी का पता लगाने के लिए कम्प्लीट ब्लड पिक्चर (सीबीपी) और पेरिफेरल ब्लड स्मीयर जैसे टेस्ट कराते हैं। इसके अलावा, बोन मैरो की जांच भी जरूरी होती है। यदि समय रहते इसका इलाज न किया जाए, तो यह जानलेवा साबित हो सकता है। इलाज के तौर पर बोन मैरो ट्रांसप्लांट, इम्यूनोसप्रेसिव थेरपी, ब्लड ट्रांसफ्यूजन और दवाइयां उपलब्ध हैं। एप्लास्टिक एनीमिया में सफेद रक्त कोशिकाओं की कमी के कारण संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। यह बीमारी किसी भी उम्र में हो सकती है, लेकिन 55-60 वर्ष की उम्र में अधिक देखी जाती है।

### नाम बदल सुचना

आम जनता को सुचित किया जाता है की, मैं **कार्य सकोड़े**, रहना दक्षिणामुर्ती चौक, महाल, नागपूर, इस सुचना द्वारा सुचित करता हूं कि मेरा पहले नाम **कार्या सकोड़े** था। जो की अब बदलकर **कार्य सकोड़े** हो गया है। अतः भविष्य में मेरे सभी निजी व सार्वजनिक प्रकियाओं में इस नए नाम का इस्तेमाल किया जाए।

**कार्य सकोड़े**
दक्षिणमुर्ती चौक, महाल,
नागपूर- 440032

मेट्रो CLASSIFIED बिजनेस

DR. NANDI PATH LAB
Committed to your Wellness
OUR SERVICES: • BLOOD TESTS • BIOCHEMISTRY • HEMATOLOGY • MICROBIOLOGY • SEROLOGY & MORE
DR. GAURAV NANDI MBBS, MD (Patho)
Ex. ASSTT PROFESSOR SMCW, PUNE
Mobile No.: 8767516249 | 7420869774
Near Nutan Saraswati School, Main Road, Kamptee, Nagpur

अल्का ब्युटी पार्लर
अलग-अलग प्रकार के फेशियल थ्रेडिंग • वैक्सींग • स्पा ट्रिटमेंट हेअर एवं बॉडी हिना ट्रिटमेंट • ब्लीचिंग • मेहंदी ऑर्डर मॅनीक्यूर-पेडिक्यूअर • स्कीन ट्रिटमेंट हेअर पर्मिंग नेल ट्रिटमेंट • हेअर कटिंग पींपल ट्रिटमेंट • त्वचा (स्कीन) केअर मेकअप • हेअर कलरिंग साडी स्टाईल्स यहाँ ब्युटी पार्लर कोर्सेस के क्लासेस लिये जाते हैं।
अल्का व्हि. लाडे
9373108897 / 9373531205
प्लॉट नं. 57-सी, एम्प्रेस मिल क्वॉ. नं. 15 के पीछे, बेझनबाग, नागपुर

तुळजाभवानी ट्रेडर्स
कलमना रोड, महालक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, रनाला चौक, कामठी
हमारे यहां गिट्टी, ईटा, राखड, मुरूम आदि का सप्लाई किया जाता है।
ठोक व चिल्लर विक्रेता
JCP Work 24 हमारे यहां उपलब्ध है
M. : 7987262970 | 9175172712

SWARNATYA MUSIC ACADEMY
Learn Music with Proper Exam Facility
Classes Conducted for
• Vocal Classical Singing
• Light Music (with Karaoke)
• Zumba
• Yoga
• Crochet
• Macrame
• Drawing
• Paper Crafts
<: Contact :>
Mob - 9975757706, 9561674780
Adress : Plot no 212, Bengali Society, Kasturba Nagar, Jaripatka, Nagpur

श्री सतगुरु ट्रैवल्स
• 19 मे शिमला मनाली
• 2 जून केरल कन्याकुमारी रामेश्वरम
• 15 जून आगरा मथुरा वृंदावन
• 9 सप्टेंबर केदारनाथ चारधाम यात्र
• 10 ऑगस्ट गुजरात राजस्थान
संपर्क
आशीष लक्ष्मीनारायण कावळे
7498753939, 93095 96390
8698495200, 9823454945

ADMISSION OPEN
RKS PUBLIC SCHOOL
NURSERY to Std. IX
OUR FACILITY
Computer Lab • Cricket
Karate Class • Swimming Pool
Skating Class • Basket Ball
M. 8087955831 8956785080
Jaripatka Police Station Road, Nara, Nagpur

AVANI SOLAR SYSTEM
GSTIN No. : 27AHYPY4738N1ZX
VANDANA ABHIJEET YADAV Proprietor
AU Avani Udyog
(MSEDCL Approved Vendor)
Office Address
Ground Floor, LSN 52/3, Ranala Railway Gate, Kamptee, Nagpur - 441 001
E-mail : avanisolarandagriproducts@gmail.com
Cell : +91 9665055266 | +91 8999396631
Sales Office : "G1", Bhavani Apartment, Near Lokvihar, Phase 3, Bhilgaon, Nagpur - 440 026.

इंग्लिश स्पीकिंग
E-PLANET SPEAKERS' ACADEMY
Talkative, Funny & Tricky
Morning / Evening BATCHES
अंग्रेज़ी बोलना सीखें बिना किताब और कलम से
हम भीड़ में दौड़ना नहीं जितना सिखाते है।
» STUDENTS » TEACHERS » HOUSEWIVES » JOB SEEKERS
NEW BATCHES I 5:00 PM TO 6:00 PM I 8:00 AM TO 9:00 AM
9960462058,7498325477
नया गोदाम, प्रबुध्द नगर, ईस्माइलपुरा, कामठी डॉ. (प्रा.) अभिषेक चिमणकर

ZOREN PROPERTY DEALERS
हमारे यहाँ खेती, फ्लॅट, डुप्लेक्स, घर, बंगलो, फार्म हाऊस, रिसॉर्ट खरेदी और बेचा जाता है
अफसर खान
M. 9371381114, 7038696893
सभी प्रकार के प्रॉपर्टी पेपर का काम किया जाता है

नमोश्री ऑनलाईन जॉब सेन्टर
विक्रीपत्र, बक्षिसपत्र, मृत्युलेख, हक्क सोडण्याचे लेख, प्रतिज्ञापत्र, हिबानामा, झोन दाखला, बँक प्रतिज्ञा लेख व ईडेलिटी बॅड, आखिव पत्रिका, 7/12, फेरफारपंजी, रजिस्ट्री डाटा इन्ट्री, झेरॉक्स, लेमिनेशन, कलर प्रिंट, वॉटसअप पिंट, आधार कार्ड डाउनलोड
उमेश्वर शामकुंवर
M.9326760744
तहसील व कार्ट के सामने, कामठी

नसीब प्रिंटींग प्रेस
एस. सुधीर मो. 9372855880
डिजिटल बॅनर • विजिटिंग कार्ड
शादी कार्ड • रबर स्टॅम्प
बुक बाईडिंग • डीटीपी जॉब
रोटा प्रिंटींग • स्क्रीन प्रिंटींग
प्रांजल हॉस्पीटल व दुर्गा स्टॉरेन्ट के सामने, दुर्गा चौक, कामठी

अंकित एंटरप्राइजेस
आनंद ठेकेदार : 7219847962
बिल्डिंग कॉन्ट्रैक्टर
हमारे यहां आरसीसी काम, बांधकाम काम, प्लास्टर, टाईल्स काम, पेंटिंग और पीओपी के सभी काम करके मिलेंगे।
"सकु आई मंजिल" नया गोदाम, कामठी

**पाठकगणों को विनम्र सूचना :** दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार में प्रकाशित होने वाले विविध विज्ञापनों की जांच-पड़ताल करने के बाद ही पाठकगण विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आर्थिक व्यवहार करें। प्रकाशित विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापन दाताओं द्वारा जो दावे पेश किए जाते है, उनकी दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र कोई गारंटी के साथ जवाबदेही नहीं देता। साथ ही विज्ञापन में किये गये दावों से दुष्परिणाम के लिए दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक तथा मालिक जिम्मेदार नहीं होंगे। कृपया पाठकगण उपरोक्त संबंध में ध्यान दें।

विज्ञान हेतू संपर्क करें : सौमित्र नंदी, उपसंपादक मोबाइल नं. 9604758944 , 9881272088

# शशि थरूर के बाद अब कांग्रेस क्या सलमान खुर्शीद को भी बीजेपी का सुपर प्रवक्ता बोलेगी

ऑपरेशन सिंदूर में भारत को हुई हानि-लाभ का का आंकड़ा विपक्ष चाहे जितना भी पूछ ले, पर बीजेपी सरकार ने कांग्रेस पर जो गुगली फेंकी है उससे पार्टी समझ नहीं पा रही है कि कैसे निपटें? विदेशों में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में हिस्सा बने कांग्रेस नेता एक के बाद एक मोदी सरकार की तारीफ में कसीदे पढ़ रहे हैं. सबसे पहले इसकी शुरुआत कांग्रेस नेता शशि थरूर ने की थी. थरूर के के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने भी ऐसी बात की है जो कांग्रेस को पचेगी नहीं. खुर्शीद ने इंडोनेशिया में एक मीटिंग के दौरान जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के केंद्र सरकार के फैसले की तारीफ की है. जाहिर है कि खुर्शीद के इस बयान को भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस पर हमला करने के लिए इस्तेमाल करेगी.



बीजेपी ने इसे कांग्रेस के आंतरिक अंतर्विरोध और नेतृत्व की कमजोरी के रूप में पेश किया. जबकि कांग्रेस नेताओं ने खुर्शीद के बयान को पार्टी लाइन से हटकर बताया. जाहिर है कि आज नहीं तो कल कोई कांग्रेस नेता जरूर सलमान खुर्शीद को भी शशि थरूर की तरह बीजेपी का सुपर प्रवक्ता कह सकता है. बीजेपी नेता अमित मालवीय ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए एक्स पर लिखा है, क्या अब सलमान खुर्शीद को भी कांग्रेस नेता बीजेपी का सुपर प्रवक्ता बताएंगे. हालांकि, खुर्शीद ने अपने बयान को राष्ट्रीय हित में कही गई बात बताई है, न कि बीजेपी के समर्थन में. उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर वह भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, न कि किसी पार्टी का. यह रुख उन्हें पार्टी के भीतर कुछ हद तक बचाव प्रदान करता है. हालांकि, राशिद अल्वी जैसे नेताओं ने कार्रवाई की मांग की है, जिससे यह संकेत मिलता है कि पार्टी का एक धड़ा उनके खिलाफ सख्त कदम उठाने के पक्ष में है. हाल ही में, सलमान खुर्शीद ने इंडोनेशिया में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के तौर पर कहा कि अनुच्छेद 370 को हटाने से जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद की धारणा खत्म हुई और वहां समृद्धि आई है. उन्होंने अपनी बात को वजनदार बनाने के लिए जम्मू कश्मीर में 2019 के बाद हुए चुनावों में 65% मतदान और एक निर्वाचित सरकार के गठन को सकारात्मक बदलाव के रूप में उल्लेख किया.

यह बयान कांग्रेस के पारंपरिक रुख से अलग था. खुर्शीद ने 2019 में कहा था कि अनुच्छेद 370 ने जम्मू-कश्मीर को भारत के साथ जोड़ने का रास्ता दिखाया था, और इसे हटाना एक गलत फैसला है. लगातार चुनावों में मिल रही हार के कारण कांग्रेस पार्टी लंबे समय से आंतरिक कलह और नेतृत्व को लेकर उठते सवालों से जूझ रही है. 2020 में 23 वरिष्ठ नेताओं (जी-23) द्वारा सोनिया गांधी को लिखे पत्र में संगठनात्मक सुधारों की मांग की गई थी, जिसमें सलमान खुर्शीद और शशि थरूर जैसे नेताओं के नाम भी शामिल थे. यह समूह पार्टी में अधिक लोकतांत्रिक प्रक्रिया और सक्रिय नेतृत्व की मांग कर रहा था. जाहिर है कि राहुल गांधी और उनके करीबी नेताओं ने इस समूह को पार्टी के खिलाफ बगावत के रूप में देखा. खुर्शीद और थरूर जैसे नेताओं के हालिया बयान इस आंतरिक असंतोष को और उजागर करते हैं. कांग्रेस का एक धड़ा, जिसमें जयराम रमेश और राशिद अल्वी जैसे नेता शामिल हैं, खुर्शीद के बयानों से नाराज है.

राशिद अल्वी ने कहा कि जो नेता बीजेपी की तारीफ करते हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए, क्योंकि उनका रुख पार्टी को कमजोर करता है. दूसरी ओर, खुर्शीद ने अपने बयान को राष्ट्रीय हित में दी गई प्रतिक्रिया बताया, न कि किसी राजनीतिक दल की नीति के समर्थन में दिया गया बयान. उन्होंने कहा कि हम भारत का प्रतिनिधित्व करने आए हैं, किसी राजनीतिक दल का नहीं. बीजेपी ने खुर्शीद और थरूर के बयानों को कांग्रेस के खिलाफ एक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है. बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा, सलमान खुर्शीद भी स्वीकार करते हैं कि अनुच्छेद 370 के कारण 'पाकिस्तान-परस्ती' बढ़ रही थी. अमित मालवीय ने सवाल उठाया कि क्या कांग्रेस खुर्शीद को भी थरूर की तरह निशाना बनाएगी.

बीजेपी की यह रणनीति कांग्रेस को उसके ही नेताओं के बयानों के आधार पर घेरने की है, ताकि पार्टी की एकजुटता पर सवाल उठाया जा सके. सलमान खुर्शीद एक अनुभवी राजनेता और पूर्व विदेश मंत्री हैं, जिन्होंने कांग्रेस में लंबे समय तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. उनकी छवि एक बुद्धिजीवी और विचारशील नेता की रही है. हालांकि, उनके कुछ बयानों ने पहले भी विवाद खड़ा किया है. उदाहरण के लिए, 2018 में उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में कहा था कि कांग्रेस के दामन पर मुसलमानों के खून के धब्बे हैं. जिसके बाद पार्टी को सफाई देनी पड़ी थी. यह सवाल कि क्या कांग्रेस शशि थरूर की तरह सलमान खुर्शीद को भी बीजेपी का सुपर प्रवक्ता कहेगी? कांग्रेस में इस समय नेतृत्व और रणनीति को लेकर मतभेद स्पष्ट हैं. राहुल गांधी और उनके करीबी नेताओं, जैसे जयराम रमेश, ने बार-बार बीजेपी की नीतियों का विरोध किया है, खासकर अनुच्छेद 370 और ऑपरेशन सिंदूर जैसे मुद्दों पर. खुर्शीद और थरूर जैसे नेताओं के बयान राहुल गांधी के रुख से अलग हैं, जिसे पार्टी का एक धड़ा बगावत के रूप में देखता है. हालांकि शशि थरूर और सलमान खुर्शीद में बड़ा अंतर भी है. सलमान खुर्शीद को कांग्रेस किसी भी कीमत पर शशि थरूर की तरह ट्रीट नहीं करेगी. इसका कारण खुर्शीद का मुसलमान होना है. खुर्शीद को सुपर प्रवक्ता कहना पार्टी के लिए जोखिम भरा हो सकता है, बीजेपी इस मुद्दे को जितना संभव हो, उतना भुनाने की कोशिश कर रही है. शहजाद पूनावाला और संबित पात्रा जैसे प्रवक्ताओं ने खुर्शीद के बयान को कांग्रेस की कमजोरी के रूप में पेश किया है. यदि कांग्रेस खुर्शीद को सुपर प्रवक्ता कहती है, तो यह बीजेपी के नैरेटिव को और मजबूत करेगा, क्योंकि यह दिखाएगा कि कांग्रेस अपने नेताओं को नियंत्रित नहीं कर पा रही है.

## सुविचार

सोच का ही फ़र्क होता है, वरना समस्याएं आपको कमजोर, नहीं बल्कि मजबूत बनाने आती हैं.

## संपादकीय

# कनाडा ने की गलती

पीएम नरेंद्र मोदी का इस साल कनाडा में होने वाले जी 7 सम्मेलन में भाग नहीं लेना इस वैश्विक मंच के उद्देश्य और इसकी प्रासंगिकता के लिहाज से ठीक नहीं है। भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी इकॉनमी है, ग्लोबल ग्रोथ में उसकी एक भूमिका है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भी है। इसी वजह से पिछले कुछ वर्षों से उसे अमीर देशों के इस मंच पर जगह मिलती आई थी। भारत साल 2019 से लगातार इस आयोजन का हिस्सा रहा है। फ्रांस से यह सिलसिला शुरू हुआ था, जो पिछले साल इटली तक जारी रहा। इटली में विशेष सत्र को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने सामाजिक असमानता को दूर करने और सभी के सहज उपलब्ध व सुरक्षित एआई जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात की थी।

भारत इस मंच का इस्तेमाल शांति, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और समन्वित विकास का संदेश देने के लिए करता रहा है। जी 7, सात सबसे विकसित और औद्योगिक देशों का समूह है, लेकिन जिस तरह से कनाडा में बसे खालिस्तान समर्थकों ने इस बार अपना असर इस पर छोड़ा है, वह चिंता का सबब है। आयोजन की मेजबानी कनाडा के पास है, लेकिन अलगाववादियों ने वहां की नई सरकार पर दबाव बनाया था कि भारत को आमंत्रित न किया जाए। मार्क कार्नी का इस मामले में झुक जाना चरमपंथी ताकतों के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय संघर्ष के लिए बड़ा झटका है। क्या भारत के बिना यह ग्रुप चीन की विस्तारवादी नीतियों के खिलाफ अपनी प्रतिबद्धता, लोकतंत्र और पर्यावरण के मुद्दे पर टिका रह पाएगा? मार्क कार्नी का कार्यकाल इस उम्मीद के साथ शुरू हुआ था कि भारत और कनाडा के रिश्तों पर जमी बर्फ पिघल सकती है।

अपने पूर्ववर्ती जस्टिन ट्रूडो के मुकाबले उन्होंने ज्यादा जिम्मेदार और सकारात्मक रवैया दिखाया था। चुनावी अभियान के दौरान उन्होंने माना था कि दोनों देशों के संबंध कई स्तरों पर महत्वपूर्ण हैं और समान विचारधारा वाले देशों के साथ व्यापारिक संबंधों में विविधता लाने की बात कही थी। पिछले हफ्ते जब विदेश मंत्री जयशंकर ने कनाडा की समकक्ष मंत्री अनीता आनंद से बात की, तो उसे भी अहम बदलाव माना गया था। जी 7 सम्मेलन कनाडा के लिए मौका था, जहां वह भारत के साथ संबंधों को सुधारने की शुरुआत कर सकता था। अमेरिका की तरफ से पड़ रहे प्रेशर को देखते हुए उसे नई दिल्ली के जैसे सहयोगियों की जरूरत है। लेकिन, घरेलू राजनीति से मजबूर कनाडा ने द्विपक्षीय रिश्तों ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय हितों को भी चोट पहुंचाई है।

## आस्था

# मेहंदीपुर बालाजी के भजन या कथा सुनने से क्या होता है



मेहंदीपुर बालाजी का मंदिर राजस्थान के दौसा जिले में स्थित है, भगवान हनुमान को समर्पित एक अत्यंत प्रसिद्ध और चमत्कारी मंदिर माना जाता है. यह स्थान मुख्य रूप से भूत-प्रेत बाधा, ऊपरी बाधाओं, काला जादू और नकारात्मक शक्तियों से मुक्ति के लिए जाना जाता है. यहां के भजन और कथाएं सुनने या देखने से भक्तों को कई तरह के लाभ मिलने की मान्यता प्रचलित है.ऐसी मान्यता है कि मेहंदीपुर बालाजी के भजन और कथाएं सुनने से भूत-प्रेत बाधाएं, ऊपरी हवा, तंत्र-मंत्र और अन्य नकारात्मक शक्तियां दूर होती हैं. इन भजनों और कथाओं में बालाजी की महिमा और उनके द्वारा दुष्ट शक्तियों का नाश करने का वर्णन होता है, जिससे सकारात्मक शक्तियों का संचार होता है. जो लोग किसी अज्ञात भय, मानसिक अशांति, डिप्रेशन या बुरे सपनों से परेशान होते हैं, उन्हें बालाजी के भजन और कथाएं सुनने से मानसिक शांति मिलती है और भय दूर होता है. यह मन को शक्ति और स्थिरता प्रदान करता है.कई भक्तों का मानना हैं कि बालाजी की कृपा से असाध्य रोगों से भी मुक्ति मिलती है. उनके भजन और कथाएं सुनने से शारीरिक कष्टों में भी राहत मिल सकती है, क्योंकि नकारात्मक ऊर्जाओं का हटना स्वास्थ्य में सुधार लाता है.भगवान हनुमान को 'संकटमोचन' कहा जाता है, यानी सभी संकटों को हरने वाला. उनके भजन और कथाएं सुनने से भक्तों के जीवन में आने वाले संकट, बाधाएं और परेशानियां दूर होती हैं. हनुमान जी बल, बुद्धि और साहस के प्रतीक हैं. उनके भजनों और कथाओं को सुनकर भक्तों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे चुनौतियों का सामना करने के लिए अधिक साहसी महसूस करते हैं. मेहंदीपुर बालाजी के भजन और कथाएं केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, बल्कि ये एक शक्तिशाली आध्यात्मिक अभ्यास हैं. ये भक्तों को नकारात्मकता से मुक्ति दिलाने, मानसिक शांति प्रदान करने, रोगों से राहत दिलाने और जीवन में सकारात्मकता व सफलता प्राप्त करने में सहायता करती हैं. यह सब हनुमान जी (बालाजी) की असीम शक्ति और भक्तों के प्रति उनकी करुणा के कारण संभव होता है.

# सबसे बड़ी खुशी

सन्नाटा था कि खत्म होने का नाम नहीं ले रहा था। हां, उसकी बोझिलता घर में सभी महसूस कर रहे थे। सन्नाटे ने दिल और दिमाग को जैसे एक साथ जकड़ लिया था जिससे मन के मवाद का फूटकर बह निकलने की बेचैनी और बढ़ती जा रही थी। इस बेचैनी को जहां ममता अपने अंदर महसूस कर रही थी, वहीं नरेन्द्र भी अपने अंदर की छटपटाहट से कुलबुला रहा था। खामोशी तो कोई धारण करने वाली चीज नहीं है मगर स्थितियां ही कुछ ऐसी बन गई थीं जिसने एक साथ सबको अपनी जकड़ में ले लिया था। नरेन्द्र उबाल मारने वाली खामोशी को ओढ़े चुप्पी साधे हुए था। ममता स्वयं भी पहल नहीं करती तो वह क्या करे? बच्चों से भी बातचीत कम हो गई है। बच्चे भी अपने माता-पिता की संवादहीनता का कारण समझ नहीं पा रहे थे इसलिए उनके दौरान भी खामोशी घुलती हुई गहरी होती जा रही थी। ममता और नरेंद्र के बीच बातचीत बंद होना पूरे घर के वातावरण पर भारी पड़ रहा था। अकेले होने पर जब ममता नरेंद्र के व्यवहार के बारे में सोचने लगती तो उसकी आंखों में मोतियों की बूंदें झिलमिला उठतीं। अंदर एक हूक-सी उठती तो उसे लगता कि कहीं सैलाब न फूट पड़े। और वह तुरंत साड़ी के पल्लू से उन मोतियों को पोंछकर अपने काम में लग जाती। दूसरी ओर नरेन्द्र स्वयं को कभी पत्र-पत्रिकाओं में बांटने लगता तो कभी सिगरेट पर सिगरेट पीते हुए कड़वे धुंए के साथ मौन दर्द को उगलने लगता। मगर चुप्पी थी कि अपनी जगह जमी हुई थी। उन दोनों के बीच यह फासले की स्थिति चार-पांच दिन पहले पैदा हुई थी जब ममता ने नरेन्द्र से कहा था कि इस बार वह अबॉर्शन करवा लेगी। तीन बच्चे हैं, अब और नहीं चाहिये। इन्हीं तीनों में घर संभालना कठिन हो जाता है। चौथा आयेगा तो समस्याएं और बढ़ जायेंगी। इन तीनों का ही भविष्य ठीक तरह से संवारा जाये तो वह बहुत होगा। इसलिए वह अब इस अनचाहे चौथे गर्भ से छुटकारा पाना चाहती है, तथा आगे कोई बच्चा ने हो, उसका ऑपरेशन भी करवा लेगी। उसके सुझाव पर नरेन्द्र कुढ़ गया था, ' तीसरे के समय ही ऑपरेशन करवा लिया जाता तो अच्छा रहता।

## आलेख

# दोस्ती के बदलते रूप

मनोज सिंह

जबलपुर के सेंट थॉमस स्कूल में अकसर एक ही बैंच पर बैठा करते थे। स्कूल से छूटते ही या फिर शाम को कई बार साइकिल पर साथ-साथ घूमना-फिरना, पिक्चर हॉल में आने वाली नई फिल्मों के पोस्टर देखने जाना, सड़कों पर बेवजह चक्कर लगाना, खेलना, पास के छोटे होटलों में चाय-समोसे खाना और साथ ही लड़कियों की चर्चा करते हुए गप्पें मारना, हमारी दिनचर्या में शामिल था। वो फुटबॉल खेलने में अच्छा था और मैं पढ़ाई में।

लेकिन बचपन से थोड़ा शरारती स्वभाव होने के कारण मैं सदा पीछे वाले सहपाठियों के साथ बैठने में लालायित रहता। जिसमें अधिकांश खिलाड़ी या फिर फेल होने वाले छात्र होते। इसके बावजूद चूंकि मस्ती पीछे के बैंचों में ही मिलती थी इसलिए आगे बैठना मुझे पसंद न था। दोस्तों की बात माने तो इसी कमजोरी की वजह से मैं, प्रतिस्पर्धा के युग में और अधिक आगे नहीं निकल पाया। यही कारण रहा जो भारत सरकार का प्रथम श्रेणी अधिकारी और टेक्नोक्रेट बनने पर भी प्रारंभ में इस बात का सदा मलाल रहता कि थोड़ी मेहनत और करने पर प्रशासनिक या पुलिस सेवा में जाकर कलेक्टर या पुलिस कप्तान भी बना जा सकता था।

जो कि धीरे-धीरे बड़े-छोटे सभी नौकरों की हकीकत देखकर कम होता चला गया और फिर लेखन में आने के बाद तो यह मलाल पूरी तरह से जाता रहा। खेल में अव्वल दिनेश बीएसएनएल में कार्यालय सहायक है मगर आज भी फुटबॉल खेलता है और दूरसंचार की मध्य प्रदेश टीम का कप्तान है। भारत संचार निगम लिमिटेड, अन्य शासकीय विभागों की तरह ही अखिल भारतीय स्तर पर अपने अधिकारी-कर्मचारियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रतिवर्ष करता है। संयोग यूं हुआ कि इस बार की फुटबाल प्रतियोगिता चंडीगढ़ में थी और वह अपनी टीम के साथ यहां खेलने आया था। मिलते ही पहचानने में दिक्कत नहीं हुई थी। उसके बाल काले और पेट अंदर था। चेहरे पर उम्र का असर भी कम था।

यह लगातार खेलने का प्रभाव है या स्वास्थ्य के प्रति उसकी जागरूकता, कहना मुश्किल है। चूंकि उसकी टीम के अन्य कई साथी खिलाड़ियों की तोंद निकली हुई थी। इसी संदर्भ में पीजीआई चंडीगढ़ के डायरेक्टर का यह वक्तव्य मुझे ठीक लगा था, जो उनके द्वारा प्रतियोगिता के उद्घाटन भाषण में बतौर मुख्य अतिथि दिया गया था, खेलना शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है। पैदल चलने और घूमने से भी बात नहीं बनती चूंकि ऐसा करते हुए भी हमारा मन-मस्तिष्क कुछ न कुछ सोचने में तल्लीन रहता है।

हां, मुझे पहचानने में उसे भी परेशानी नहीं हुई थी, जबकि मेरे मतानुसार मैंने अपने वजन में बढ़ोतरी की है। एक पल तो लगा भी नहीं कि हम पच्चीस वर्ष के अंतराल के बाद मिल रहे हैं। मगर अगले ही पल हमें बिना किसी विशेष कारण से अलग होना पड़ा था। चूंकि उसे खेल के मैदान में खेलने जाना था और मुझे दर्शक दीर्घा में। मैच देखते हुए जब मैंने अपने बाल सखा के बारे में पत्नी से चर्चा की तो उसने हिन्दी फिल्मों की खलनायिका की तरह कम से कम मुंह तो नहीं बनाया मगर कोई उत्साहपूर्वक विशेष प्रतिक्रिया भी नहीं दी थी। और फिर मैं अपने दैनिक कार्य में उलझा रहा।

## विज्ञान-कथा


# मक्खी

डॉ. रवीन्द्र अंधारिया

'अ जी, सुनते हो?' सेठानी लीलावती ने कहा। परन्तु सेठ नरोत्तम शाह करवट बदल कर सोते ही रहे। वे गहरी नींद में थे। सेठानी जी ने उसके कंधे झकझोरते हुए कहा, 'सेठजी, मेरी तो नींद हराम हो रही है। और आप है जो कुम्भकर्ण की नींद सो रहे है।' सेठ एकदम होश में आकर बोले, 'ओहो! क्या हुआ? आधी रात में क्यों जगाया?' 'श्रीमानजी, मुझे बहुत ही घबराहट हो रही है। सुबह होते ही अखबार में बालकों को उठा लेने के समाचार निकलते रहते हैं, क्या आप समाचार सुनते या पढ़ते नहीं है?' 'ऐसे समाचार तो आते ही रहते हैं, पर इसमें मेरी नींद क्यों खराब कर रही है?' सेठने उबासी लेते हुए कहा। 'मुझे तो अपने लाडले सुधीर की बहुत चिंता रहती है। शहर में आपका नाम बड़ा, कारोबार बड़ा, इससे लाखों रुपये के लालच में कोई सुधीर को अगवा कर गया तो?' सेठानी जी ने रुआंसी होकर कहा।

'तुम्हारी बात एकदम सही है' सेठ की नींद उड़ गई। 'कुछ तो करना ही होगा। कल मैं अवश्य कुछ करूंगा।' दूसरे दिन सुबह सुबह ए.पी. साहब को फोन लगाया। सामने से उत्तर मिला, 'अभी चुस्त बंदोबस्त किया गया है, ताकि अब ऐसा कुछ भी नहीं होगा।' तथापि बालकों को उठा ले जाने के समाचारों में या अफवा में कोई कमी नहीं आई। इससे सेठ बहुत चिंता में रहने लगे। तो उनके मित्र सेठ नगीनादास ने सलाह दी- आप प्रो. कबीर से मिलिए वह अवश्य ही कोई उपचार करेंगे। तत्पश्चात सेठजी प्रो.कबीर से मिलने रूबरू गये। इस समय प्रो.कबीर अपनी प्रयोगशाला में किस प्रयोग में व्यस्त थे।

तकरीबन आधे घंटे के बाद वे प्रयोगशाला से बाहर आए, तब सेठजी उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। 'ओहो! सेठजी आप! सॉरी, आपको प्रतीक्षा करनी पड़ी। पर सेठजी मैं एक महत्वपूर्ण प्रयोग में उलझा हुआ था। बताइए, मैं आपकी क्या सेवा कर सकता हूँ।' इस पर सेठ जी ने बालकों को उठाने की घटनाओं का जिक्र छेड़ दिया। जब से ये शहर महानगर बनने लगे हैं तब से ऐसी घटनाएं बढ़ने लगी हैं। परन्तु सेठ जी की बात को बीच में ही काटते हुए प्रो. कबीर बोले, 'ओहो! तो आपको अपने पुत्र की फिक्र हो रही है। ठीक हैं न?' 'हाँ हाँ सही कहा आपने। आप मेरी मदद कीजिए' सेठ जी ने विनती के स्वर में कहा। 'अवश्य अवश्य इस विषय में विज्ञान और तकनीकी क्या मदद कर सकते हैं, मैं अवश्य सोचूंगा।' और मन ही मन बड़बड़ाए - आजकल मैं ऐसे ही प्रयोग में व्यस्त हूँ।



वैसे भी साइबरनेटिक ऑर्गेनिज्म मेरी रुचि का क्षेत्र है। एक महीना गुजर गया, पर प्रो.कबीर की ओर से कोई समाचार नहीं। सेठ दम्पति की चिंता बढ़ती जा रही थी। ऐसे में एक सुबह सेठ जी के फोन की रिंग बज उठी। 'हल्लो, मैं प्रो.कबीर' बीच में ही 'बोलिए बोलिए मैं सेठ नरोत्तम लाल' 'सेठ जी कल सुबह सुधीर को लेकर मेरी प्रयोगशाला पर आइए।' सुधीर के साथ सेठ पहुंचे। प्रो. कबीर ने स्वागत किया। फिर सेठ जी को प्रतीक्षा कक्ष में बिठा कर सुधीर को लेकर प्रयोगशाला में चले गये। जाते समय कहते गये कि आप तनिक भी चिंता न करें। सुधीर का बाल भी बांका नहीं होगा। लगभग आधे घंटे के बाद सुधीर को सकुशल लौटा देखकर सेठ ने चैन की सांस लीं। प्रोफेसर ने जादूगर की अदा में कहा, अब आप और सेठानी चैन की नींद सोइए, अब सुधीर का अपहरण कोई नहीं कर सकेगा।

## लोककथा

डॉ. विजय चौरसिया

# लक्ष्मणजी हर के लाए रावण की बेटी को



राजा रामचंद्र जी बदन महल में निवास करते हैं डुंड़ा महल में लक्ष्मण जी और झिंझरी महल में सीता जी निवास करती हैं। उनके महल में बाघ और भालुओं का पहरा लगा है। एक दिन सीता जी सपना देखती हैं की लक्ष्मण जी स्त्री का भेस धारण करके लंका गढ़ पहुंचते हैं वहां राजा रावण की पुत्री रानी फुफैया के साथ विवाह कर रहे हैं। दूसरे दिन सुबह होते ही सीता जी लक्ष्मण जी के पास अठारह द्वार पार करके डुंडा महल में अपने सपने के बारे में बताती हैं की आप लंका गढ़ के राजा रावण की बेटी रानी फुफैया के साथ विवाह करके वापस आ रहे हो। लक्ष्मण जी कहते हैं देखने को तो अच्छा देखा है भौजी!पर यह तो सपना है कभी सच होता है कभी नहीं। तब सीता जी कहती हैं यह सपना कैसे सच नहीं होगा। मेरी छाती की आग तभी बुझेगी जब तुम रावण की बेटी को जीतकर लाओगे। तब लक्ष्मण जी कहते हैं भौजी यदि आप ऐसा कह रही हैं तो मैं अवश्य ही लंका जाकर रावण की बेटी को जीतकर लाता हूॅ।

मुझे आप अपने जेवर पहनने को दे दें। सीता जी लक्ष्मण जी को अपने सभी जेवर पहनाती हैं। लक्ष्मण जी सोलह श्रृंगार करके स्त्री का भेस धारण करके लंका गढ़ को चल देते हैं। लक्ष्मण जी जब समुद्र के किनारे पहुंचते हैं तो उनको समुद्र में जल मोती कन्या मिलती है। वह लक्ष्मण जी से कहती है. तुम वहां पर क्यों मरने जा रही हो। तुम्हारा पति नहीं है क्या! तुम लंका के राजा रावण को नहीं जानती उसके दस सिर हैं। पहाड़ के समान उसका शरीर हैं वह तुमको पकड़कर रख लेगा। अहरावण और महरावण उसके भाई हैं। तुम लौट कर अपने घर चली जाओ। लक्ष्मण जी कहते हैं मुझे लंका में बहुत जरुरी काम है। मुझे वहां जाना ही पड़ेगा। जल मोती कन्या लक्ष्मण जी को रगड़ती है लक्ष्मणजी थक कर समुद्र के किनारे बैठ जाते हैं। उसी समय एक केवट लक्ष्मणजी के पास आता है लक्ष्मण जी उसे बतलाते हैं की लंका के राजा रावण मेरे बाबा हैं। वहां मेरा मायका हैं तुम मुझे अपनी नाव से उस पार पहुंचा दो, नहीं तो मैं अपने बाबा रावण से कहकर तुम्हारी खाल में भूसा भरवा दूंगी। ऐसा सुनकर केवट घबड़ा जाता है। वह लक्ष्मण जी को अपनी नाव में बैठकर समुद्र के उस पार ले जाता है। लक्ष्मण जी सुन्दर स्त्री का रुप धारण करके रावण के दरबार में पहुंचते हैं। दरबार लगा है रावण ऊंचे आसन पर बैठे हैं। रावण उसे देखकर कहते हैं ये बाई तुम कहां से आई हो। लक्ष्मण जी कहते हैं बाबा आपने मुझे नहीं पहचाना, राजा हो ना मेरी याद कैसे रखोगे।

आपका दिमाग सठया गया हैं मैं आपकी सुंदरिया हूं। आपने मुझे अपनी गोद में खिलाया है कंधों पर बैठाला है और ड़ोली में चढ़ाकर मुझे समुद्र के उस पार दूसरे गांव में बिदा किया है। राजा रावण अपने मन में उस लड़की के बारे में बहुत सोचता हैं पर उसे कुछ भी याद नहीं आता। उसी समय लक्ष्मण जी की नौ सौ सिंघी रावण के ऊपर अपनी मोहनी ड़ाल देती हैं। मोहनी के कारण रावण का प्रेम पनपने लगता हैं तब रावण कहता है ये लड़की तुम ठीक कहती हो, मैं बूढ़ा हो गया हूं। मुझे कुछ याद नहीं आ रहा है।


# क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं

❑ दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वेद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्परारी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है बढ़ कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने जड़ की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

सास (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप, चित्रकहरीतकी, वासावलेह, स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल, तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप, एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्थित योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा, श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।

पॅनल्स ऑफ डॉक्टर्स



डॉ. आकांशा रा. गुप्ता
B.A.M.S, MD, (A.M) C.C.H, C.G.O, C.V.D

डॉ. पारुल मोहित गुप्ता
B.A.M.S, PG-DEMS NDDY, CCNY, CCHC

डॉ. रचना मयूर गुप्ता
B.A.M.S, MD,

डॉ.अतुल तेलरांदे
B.A.M.S, MD, M.I.S.R (Mum), C.C.H, C.G.O, C.S.D, C.V.D

डॉ. विनोद तिवारी
बी.ए.एम.एस, पी.ओ.डी.

सीताबर्डी स्थित शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080


**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, बुधवार, 4 जून 2025



# ताड़ोबा-अंधारी टाइगर रिजर्व में क्रूज़र परिवहन की शुरुआत

## > पर्यटकों के लिए चंद्रपुर से मोहर्ली तक बस सेवा शुरू

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**

ताड़ोबा-अंधारी टाइगर रिजर्व भारत के प्रसिद्ध बाघ अभयारण्यों में से एक है और देश-दुनिया से प्रकृति पर्यटक इस बाघ अभयारण्य क्षेत्र में जंगल और वन्य जीवन का आनंद लेने आते हैं।

इस पृष्ठभूमि में, चंद्रपुर जिले में प्रकृति पर्यटकों को कम लागत पर इस जंगल का आनंद लेने की अनुमति देने के लिए 2023 में एक क्रूजर सेवा शुरू की गई थी। पर्यटकों की आमद को देखते हुए, कुल 7 क्रूजर, जिनमें से 4 मोहाली गेट से और 3 कोलारा गेट से होकर गुजरते हैं, कोर क्षेत्र में पर्यटन सेवाओं के लिए उपलब्ध कराए गए।



जिले के प्रकृति पर्यटक और आम नागरिक ताडोबा सफारी का भरपूर आनंद ले रहे हैं। 2023 से 2025 तक 58,000 पर्यटक इस क्रूजर के माध्यम से ताडोबा सफारी का अनुभव ले चुके हैं। उल्लेखनीय है कि इस पहल के माध्यम से आम जनता में वन एवं वन्य जीवन के प्रति जागरूकता भी पैदा हो रही है।

इस पहल की सफलता को देखते हुए, चंद्रपुर जिले के पर्यटकों को चंद्रपुर से मोहुर्ली तक सुबह और दोपहर की सफारी पर जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। इसे ध्यान में रखते हुए, ताडोबा-अंधारी टाइगर रिजर्व की ओर से विधायक किशोर जोरगेवार के हाथों चंद्रपुर से मोहर्ली तक क्रूज़र सेवा शुरू होनेसे पर्यटकों ने खुशी जाहिर की.

चंद्रपुर से मोहर्ली तक पर्यटकों के लिए 40 सीटों वाली बस उपलब्ध कराई गई है और विधायक किशोर जोरगेवार ने बस सेवा का उद्घाटन किया।

सुबह की सफारी के लिए बस सुबह 4:30 बजे चंद्रपुर से लिए रवाना होगी और सफारी पूरी होने के बाद सुबह 10 बजे चंद्रपुर वापस आ जाएगी। इसी प्रकार दोपहर की सफारी के लिए यह 2 बजे चंद्रपुर के लिए रवाना होगी और शाम 7:30 बजे वापस आएगी। उक्त बस सेवा उप निदेशक (कोर), ताड़ोबा-अंधारी टाइगर रिजर्व, रामबाग वन रिजर्व, मूल रोड, चंद्रपुर के कार्यालय से रवाना होगी

# तुकुम में भीषण हादसा

## > विधायक किशोर जोरगेवार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया
## > अस्पताल में घायलों से मिले, सर्जरी के लिए वित्तीय सहायता

**चंद्रपुर.**

विधायक किशोर जोरगेवार ने तुकुम में दुर्घटनास्थल का दौरा किया है और वहां यातायात जाम को हटाने का निर्देश दिया है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया है कि लोगों को सड़क के किनारे खड़े होने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए और दुर्घटना में घायल काजल अत्रात से अस्पताल में मुलाकात की और सर्जरी के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान की।

ट्रक चालक बेहोश होने के बाद अपने वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। परिणामस्वरूप, वाहन ने सड़क के किनारे खड़े नागरिकों को कुचल दिया। इस दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कुछ नागरिक घायल हो गए। मृतक छात्रा का नाम सानिका कुमरे (उम्र 22, निवासी लक्कड़कोट) है। यह घटना तुकुम में हुई , विधायक किशोर जोरगेवार ने घटनास्थल पर जाकर घटना की जानकारी ली। विधायक किशोर जोरगेवार ने अस्पताल में उपचाराधीन



काजल आत्राम से भी मुलाकात की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार शाम करीब 5 बजे जब ट्रक का ड्राइवर तुकुम इलाके से गुजर रहा था , तभी उसे दौरा पड़ने के कारण वाहन पर से नियंत्रण खोना पड़ा। वाहन ने सड़क पर खड़े नागरिकों और ऑटो को कुचल दिया। इस घटना में सानिका की मौके पर ही मौत हो गई , जबकि अन्य नागरिक घायल हो गए। नंदा उंबरकर (उम्र 55 , निवासी मेजर गेट ) गंभीर रूप से घायल हो गए। साथ ही काजल आश्रम (निवासी उपरवाही , तालुका राजुरा) को गंभीर चोटें आने के कारण निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना की जानकारी मिलते ही विधायक किशोर जोरगेवार ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उपविभागीय पुलिस अधिकारी सुधाकर यादव भी मौजूद थे।

इसके बाद विधायक किशोर जोरगेवार निजी अस्पताल पहुंचे और वहां इलाज करा रही काजल मेश्राम से मुलाकात की तथा डॉक्टरों से इलाज के बारे में जानकारी ली। मृतक और घायल दोनों दोस्त थे और पुलिस भर्ती की तैयारी के लिए चंद्रपुर में रह रहे थे। घटना उस समय हुई जब वह निजी संस्थान से पढ़ाई कर घर लौट रही थी।

# किसानों को कृषि पंपों के लिए बिजली कनेक्शन करें

## > किसानों के हित में विधायक सुधीर मुनगंटीवार का मुख्यमंत्री को ज्ञापन

**चंद्रपुर.**

चंद्रपुर जिले के किसानों को कृषि पंपों के बिजली कनेक्शन के लिए भुगतान की गई मांग राशि वापस करने का आदेश विद्युत विभाग ने दिया है। यह आदेश किसानों को परेशानी में डाल रहा है और राज्य के पूर्व वन, सांस्कृतिक मामले और मत्स्य पालन मंत्री विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्रजी फडणवीस से इस मुद्दे पर विशेष ध्यान देने और किसानों को वापस किए बिना मांग राशि को कायम रखने का अनुरोध किया है।

कृषि पंपों के बिजली कनेक्शन के लिए भुगतान की गई मांग के संबंध में किसानों को होने वाली समस्याओं के बारे में कई किसानों ने विधायक सुधीर मुनगंटीवार को ज्ञापन सौंपा था। किसानों के हित में विधायक मुनगंटीवार ने मुख्यमंत्री श्री देवेंद्रजी फडणवीस को ज्ञापन सौंपकर उनसे अनुरोध किया है।

चंद्रपुर जिला आदिवासी बहुल है और बिजली उत्पादन के क्षेत्र में राज्य के अग्रणी जिलों में से एक है। इस जिले में चंद्रपुर थर्मल पावर प्लांट के माध्यम से बिजली का उत्पादन किया जाता है।

साथ ही, महाराष्ट्र में 95 प्रतिशत बिजली बिलों का भुगतान इसी जिले से किया जाता है। किसानों ने कृषि पंपों के बिजली कनेक्शन के लिए आवश्यक मांग राशि महावितरण को चुकाई है। लेकिन विभिन्न कारणों से, ये बिजली कनेक्शन अभी तक प्रदान नहीं किए गए हैं। महावितरण ने किसानों द्वारा भुगतान की गई मांग राशि को किसानों को वापस करने के मौखिक आदेश दिए हैं। इसके कारण किसानों में असंतोष है। हालांकि, किसानों द्वारा भुगतान की गई मांग राशि वापस करने के बजाय, उन्हें एक विशेष मामले के रूप में कृषि पंपों के लिए बिजली कनेक्शन प्रदान किया जाना चाहिए। तदनुसार, विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने मुख्यमंत्री देवेंद्रजी फडणवीस से मांग की है कि इस संबंध में नियमानुसार आगे की कार्रवाई के लिए संबंधितों को आदेश दिए जाएं।

# ओडिसा के वरिष्ठ वन अधिकारियों ने चंद्रपुर वन अकादमी का किया दौरा

**चंद्रपुर.**

चंद्रपुर वन अकादमी, जिसे महाराष्ट्र राज्य में प्रमुख वन प्रशिक्षण संस्थान के रूप में जाना जाता है, वन प्रबंधन, वन्यजीव संरक्षण, जैव विविधता, पर्यावरण कानून, सामुदायिक सहभागिता और शासन सहित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रसिद्ध है।

ओडिसा राज्य के भारतीय वन सेवा के चार वरिष्ठ अधिकारियों ने इस संस्था की जानकारी और प्रशिक्षण विधियों और सुविधाओं का अध्ययन करने के लिए 29 और 30 मई 2025 को चंद्रपुर वन अकादमी का दौरा किया। इस अध्ययन दौरे के दौरान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) मनोज वी. नायर, मुख्य वन संरक्षक विकास रंजन शामिल थे।



भ्रमण के दौरान अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं चंद्रपुर वन अकादमी के निदेशक एम. श्रीनिवास रेड्डी के मार्गदर्शन में अतिथियों को संस्थान के आधुनिक एवं सुसज्जित उन्नत प्रशिक्षण केंद्र, व्याख्यान कक्ष, प्रयोगशालाएं, कंप्यूटर लैब, अद्यतन पुस्तकालय, आवास एवं अन्य सुविधाओं का भ्रमण कराया गया।

भोजन व्यवस्था एवं खेल मैदान का निरीक्षण कर जानकारी दी गई। ओडिशा राज्य में परिसर का निरीक्षण करते समय उन्होंने सत्र निदेशक और उपस्थित प्रशिक्षुओं से बातचीत की।

इस बार भारतीय वन सेवा के अधिकारियों से लेकर वन रेंज अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों के लिए दीर्घकालिक और अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम लागू किए जा रहे हैं। योग एवं शारीरिक शिक्षा अध्ययन के साथ-साथ प्रशासनिक एवं तकनीकी पहलुओं सहित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई तथा उन पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में वन अकादमी के निदेशक श्रीनिवास रेड्डी, अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) अविनाश कुमार, अतिरिक्त निदेशक (मुख्यालय) मनीषा भिंगे, सत्र निदेशक संजय दहीवाले, संभा गवली और अन्य अधिकारी और कर्मचारी सहित ओडिशा राज्य के वन अधिकारियों ने भाग लिया। अकादमी को राष्ट्रीय शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रत्यायन बोर्ड द्वारा उत्कृष्ट प्रशिक्षण संस्थान के रूप में मान्यता दी गई है तथा प्रमाण पत्र भी प्राप्त हुआ है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना सर्वेक्षण की समयसीमा बढ़ाएं : विधायक मुनगंटीवार


## > राज्य के ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज मंत्री जयकुमार गोरे को मांगपत्र

**चंद्रपुर.**

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के चरण 2 के अंतर्गत नए मानदंडों के अनुसार पात्र परिवारों के लिए सर्वेक्षण कार्य चल रहा है। इस सर्वेक्षण की अंतिम तिथि 31 मई, 2025 थी। हालांकि, बल्लारपुर विधानसभा क्षेत्र के मूल, पोम्भुर्ना और बल्लारपुर तालुका के कई गांवों में सर्वेक्षण का काम अभी तक पूरा नहीं हुआ है। इसलिए राज्य के पूर्व वन, सांस्कृतिक मामले एवं मत्स्य पालन मंत्री विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने सर्वेक्षण की अवधि बढ़ाने की मांग की है। सुधीर मुनगंटीवार ने राज्य के ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज मंत्री जयकुमार गोरे को मांगपत्र लिखा है।



प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 2018 में तैयार की गई प्रतीक्षा सूची में शामिल न होने वाले तथा वर्तमान में पात्र परिवारों के लिए नए बहिष्करण मानदंडों के अनुसार चरण 2 के अंतर्गत सर्वेक्षण चल रहा है। भले ही सरकार ने इस सर्वेक्षण कार्य के लिए 31 मई 2025 तक की समय सीमा तय की है, लेकिन बल्लारपुर विधानसभा क्षेत्र के कई गांव अभी भी इससे वंचित हैं। मुल, पोम्भुर्ना और बल्लारपुर तालुकाओं में ग्राम सेवक पदों के लिए बड़ी संख्या में रिक्तियां हैं। परिणामस्वरूप, एक ग्राम सेवक के पास दो से तीन गांवों की अतिरिक्त जिम्मेदारी होती है। इसके अलावा कई लाभार्थियों का आधार अपडेट, नई नौकरी और ई-केवाईसी का काम भी लंबित है। इन कारणों से सर्वेक्षण की गति धीमी हो गई है। इसलिए विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने मांग की है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण चरण 2 के तहत पात्र परिवारों के सर्वेक्षण की समय सीमा बढ़ाई जाए। सुधीर मुनगंटीवार ने ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज मंत्री जयकुमार गोरे को पत्र लिखा है.




# भारतीय कांग्रेस पार्टी की ओर से कोरपना तहसीलदार को ज्ञापन

**कोरपना, मनोज गोरे**

महाराष्ट्र राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को तालुका कांग्रेस कमेटी, कोरपना के अध्यक्ष द्वारा किसानों की मांगों को लेकर कोरपना की तहसीदार पल्लवी आखरे मैडम के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया।

किसानों के सभी फसल ऋण माफ किये जाने चाहिए। किसानों को कृषि पंपों के लिए पांच विद्युत खंभों तक बिजली की आपूर्ति उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इस वर्ष केंद्र सरकार ने रासायनिक खादों के दाम बढ़ा दिए हैं। इसे कम किया जाना चाहिए. वन अधिकार भूमि को सरकार से पट्टे पर लिया गया है। सरकार को किसानों की साझा स्वामित्व वाली भूमि की गणना करनी चाहिए तथा एक अलग भूमि रजिस्टर तैयार करना चाहिए। इससे पूर्व पहचान पत्र बनवाने और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में मदद मिलेगी। वर्ष 2024 में 7 मई 2024 को बादल फटने जैसी बारिश के कारण जेवरा और लोनी में मकानों को काफी नुकसान हुआ। सूची तैयार की गई, लेकिन एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अनुदान प्राप्त नहीं हुआ। कृषि वस्तुओं के लिए लागत आधारित समर्थन मूल्य (एमएसपी) केन्द्र सरकार द्वारा घोषित उर्वरक की कीमतें बढ़ गई हैं, मजदूरी दरें बढ़ गई हैं, तथा मुद्रास्फीति बढ़ गई है। फिर कपास को 12,000 रुपये, सोयाबीन को 7,000 रुपये, चना को 6,000 रुपये, तुअर को 10,000 रुपये तथा अन्य फसलों को लागत के आधार पर एमएसपी दिया जाना चाहिए। टांडा बस्ती सुधार निधि योजना के अंतर्गत कोरपना तालुका में कार्य स्वीकृत हुए हैं, लेकिन धन की कमी के कारण अभी तक कार्य पूरे नहीं हो पाए हैं, लेकिन धन उपलब्ध कराया जाना चाहिए।




कोरपना तालुका में रोजगार गारंटी योजना के तहत काम किया गया था, लेकिन लाभार्थियों को अभी तक राशि नहीं मिली है, लेकिन राशि तुरंत दी जानी चाहिए।

किसानों की उपरोक्त समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपते समय अध्यक्ष, तालुका कांग्रेस कमेटी, कोरपना, विजय बावने, निदेशक, जिला सेंट्रल बैंक, चंद्रपुर, श्याम रणदिवे, पूर्व अध्यक्ष, सांबा पा कोवे, उपाध्यक्ष, गणेश गोडे, निदेशक, क्रि बा यू एस कोरापना, भाऊ चव्हाण, पूर्व निदेशक, शैलेश लोखंडे, पूर्व अध्यक्ष, तालुका युवा कांग्रेस, पूर्व अध्यक्ष, युवा उमेश राजुरकर, पूर्व अध्यक्ष, संजय गांधी, निराधर शगीर भाई, उपाध्यक्ष सरपंच, सुरेश पा मालेकर, वरिष्ठ संजय जाधव, अध्यक्ष, वी बी जा अनिल गोंडे, पूर्व उपसरपंच, प्रशांत घोड़ाम, शंकर सिदामआदि उपस्थित थे.

# अनुपमा की कहानी पर उठे सवाल



रूपाली गांगुली ने अपने शो अनुपमा के जरिए घर-घर में पहचान बना ली है. इस सीरीयल की फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा है. टीआरपी के मामले में भी ये शो ऊंचाइयों पर नजर आता है. पिछले कुछ वक्त में शो के मेकर्स ने इसकी कहानी में काफी बदलाव किए हैं. साथ ही साथ कई चेहरे भी पिछले काफी वक्त में बदल दिए गए हैं. लेकिन, हाल ही में शो को और हाई वोल्टेज ड्रामा बनाने की मेकर्स की कोशिश उल्टी पड़ती नजर आ रही है. अनुपमा से जुड़ी हर अपडेट के लिए फैंस इंतजार में बैठे रहते हैं, इसके साथ ही साथ दर्शकों की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए मेकर्स भी कहानी में नए-नए मोड़ लेकर आते हैं. लेकिन, शो के आने वाले एपिसोड को लेकर दर्शक काफी नाखुश नजर आ रहे हैं. दरअसल, हाल ही में शो का प्रोमो रिलीज हुआ है, जिसमें आर्यन और माही की शादी में बड़े बदलाव की तरफ इशारा किया गया है, जिसको देखकर लोगों ने शो की कहानी को कॉपी पेस्ट बताया है.सोशल मीडिया पर चैनल के अकाउंट पर शो की प्रोमो शेयर किया गया. इसमें आर्यन एक कमरे में ड्रग्स लेता नजर आया है. इसी दौरान अनुपमा उसे इस हालत में देख लेती है. बाद में ये दिखाया गया है कि आर्यन की मौत हो जाती है और इसका जिम्मेदार अनुपमा को ठहराया जाता है. लोगों ने इस प्रोमो को देखते हुए एक यूजर ने कमेंट किया- ये रिश्ता की कहानी रिपीट कर दी.

# सोनाक्षी सिन्हा के बीफ बर्गर वीडियो पर विवाद







जहीर इकबाल और सोनाक्षी सिन्हा साथ में काफी अच्छे लगते हैं और अक्सर उनको मस्ती करते देखा जाता है। इस वक्त कुछ ऐसा हुआ है कि सोनाक्षी सिन्हा के बचाव में उनको उतरते देखा जा सकता है। एक वीडियो सामने आया है जिसमें सोनाक्षी सिन्हा बर्गर खाती दिख रही है। इसको लेकर लोगों ने ढेरों कमेंट्स किए हैं। कुछ लोगों का कहना है कि सोनाक्षी सिन्हा बीफ बर्गर खा रही हैं। दरअसल इस वीडियो को जहीर इकबाल ने साझा किया था। इसके साथ जहीर इकबाल ने लंबा चौड़ा कैप्शन लिखा था। जहीर ने लिखा, ''जन्मदिन मुबारक हो मेरी जान, यह ऐसे पल हैं जब मैं तुमसे सबसे अधिक प्यार करता हूँ। आप हमेशा खुश रहें और पेट हमेशा भरा रहे। मैं तुम्हें इस तरह डांस करते हुए देखने के लिए खाना खिलाता हूं। मैं हमेशा आपको यह बताने के लिए मौजूद रहूंगा कि तुम्हारे पूरे चेहरे पर खाना है। इसी वीडियो पर कुछ लोगों के रिएक्शन आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'मैं बहुत खुश हूं कि वो बीफ बर्गर खा रही है।'इस कमेंट के बाद जहीर इकबाल खुद को नहीं रोक पाई। जहीर ने जवाब देते हुए, चिंता मत करो', वेजेटेरियन बर्गर है'.इसके बाद फैंस जहीर इकबाल की तारीफ कर रहे हैं। हालांकि ये पहली बार नहीं है कि मियां बीवी ने एक दूसरे के लिए स्टैंड लिया है। जहीर इकबाल और सोनाक्षी सिन्हा एक दूसरे को लेकर किसी तरह की बातें बर्दाश्त नहीं करते हैं। सोनाक्षी सिन्हा के शादी के वक्त भी कई तरह के विवाद सामने आए थे। जहीर इकबाल और सोनाक्षी सिन्हा किसी ना किसी बात को लेकर आज भी ट्रोल होते हैं.

# हाईकोर्ट की फटकार पर कमल हासन की सफाई



साउथ सुपरस्टार कमल हासन इन दिनों अपने एक बयान को लेकर चर्चा में बने हुए हैं. इस मामले में उनकी मुश्किल कम होने की जगह और बढ़ गई है. या यूं कहूं कि हाईकोर्ट जाना एक्टर को भारी पड़ गया है. कमल हासन ने कहा था कि- कन्नड़ भाषा का जन्म तमिल से हुआ है. जिसके बाद बवाल मच गया. यहां तक कि कर्नाटक सरकार ने उनकी अपकमिंग फिल्म ठग लाइफ की रिलीज पर रोक लगा दी. इसके खिलाफ एक्टर ने हाईकोर्ट का रुख किया था. लेकिन वहां भी उन्हें फटकार लगाई गई है. अदालत ने एक्टर के बयान की कड़ी निंदा की है.कर्नाटक सरकार ने कमल हासन की याचिका पर सुनवाई की. इस दौरान उनकी कड़ी निंदा की गई है. दरअसल कमल हासन ने अपने बयान पर माफी मांगने से इनकार कर दिया था. जिस पर जस्टिस एम नाग प्रसन्ना ने सवाल उठाए हैं. उन्होंने कहा कि- "होंगे आप कमल हासन पर किसी की जन भावनाएं आहत करने का अधिकार नहीं है.इधर कर्नाटक हाईकोर्ट ने कमल हासन को फटकार लगाई, तो उधर एक्टर ने तुरंत सफाई दे दी. उन्होंने लिखा कि- मैं ईमानदारी से आशा करता हूं, कि मेरे शब्दों को उसी भावना से लिया जाएगा जिस भावना से उन्हें कहा गया था. और कर्नाटक, वहां के लोगों और उनकी भाषा के प्रति मेरे प्यार को पहचाना जाएगा. मैं ईमानदारी से मानता हूं कि यह गलतफहमी अस्थायी है और हमारे आपसी प्रेम और सम्मान को दोहराने का एक मौका है.हालांकि, एक्टर ने अपनी सफाई में साफतौर पर कहीं पर भी माफी नहीं मांगी है. उन्होंने खुद को प्रूफ करने के लिए लंबा चौड़ा स्टेटमेंट जारी कर दिया. देखना होगा कि यह विवाद यहीं थम जाएगा. या फिर उनकी फिल्म पर खतरे के बादल ऐसे ही मंडराते रहेंगे.दरअसल कर्नाटक सरकार ने एक्टर की फिल्म पर रोक लगा दी थी. जिसके बाद कमल हासन को अदालत का रुख करना पड़ा. उन्होंने गुहार लगाई थी कि उनकी आने वाली फिल्म की रिलीज को सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए जाएं. पर वहां एक्टर को ही फटकार लगा दी गई.दरअसल एक्टर की फिल्म ठग लाइफ 5 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है.

# करण लाएंगे अनन्या-कार्तिक की जोड़ी





फिल्म मेकर करण जौहर ने अपनी नई फिल्म का ऐलान किया है। करण जौहर ने फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज करते हुए फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान किया है। करण जौहर ने अनन्या पांडे और कार्तिक आर्यन की इस रोम कॉम के लिए 2026 का वैलेंटाइन डे बुक कर लिया है। फिल्म का टाइटल 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' है। फिल्म के पोस्ट के ही साफ हो रहा है कि इस फिल्म में जबरदस्त रोमांस का डोज मिले वाला है। करण ने जो फोटो शेयर की है, उसमें कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे एक दूसरे को किस कर रहे हैं और दोनों अपने लिप्स के आगे से एक पासपोर्ट लगाया हुआ है। ये दोनों एक खूबसूरत लोकेशन पर खड़े हैं और दोनों अपनी आंखे बंद कर रखी है और पोस्टर से साफ है कि ये एक रोमांटिक जॉनर मूवी होने वाली है।कार्तिक आर्यन एक बार फिर अपने हैंडसम हंक वाले लुक में वापस आ गए हैं और मूवी में उनके साथ उनकी रूमर्ड एक्स गर्लफ्रेंड अनन्या पांडे भी हॉट लुक में दिख रही हैं। करण जौहर ने पोस्टर के साथ कैप्शन में रिलीज डेट का भी खुलासा किया है। करण ने कैप्शन में लिखा, 'साइन्ड, सील्ड और हमारी रे की रूमी डिलीवरिंग! कार्तिक आर्यन अनन्या पांडे तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी - अगले वैलेंटाइन्स पर सिनेमाघरों में 13 फरवरी, 2026।'

इसका मतलब साफ है कि ये फिल्म अगले साल वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज होगी। कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे इस फिल्म से पहले 'पति-पत्नी और वो' में साथ काम कर चुके हैं, जिसमें भूमि पेडनेकर भी अहम रोल में थीं। उस फिल्म में कार्तिक आर्यन अपनी वाइफ भूमि से छुपाकर अनन्या पांडे को डेट करते हैं। कार्तिक और अनन्या पांडे की जोड़ी को लोगों ने पसंद किया था। हालांकि इसके अलावा इन दोनों के अफेयर के भी खूब चर्चे हुए थे.




# पूनम ढिल्लो संग नजर आएंगी डेलबरआर्या



एक्ट्रेस डेलबर आर्या इन दिनों पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में काफी चर्चा में हैं और उनकी आने वाली फिल्म मधानियां उनके करियर को एक नई ऊंचाई देने वाली है। इस फिल्म को साल की सबसे बड़ी फैमिली ड्रामा फिल्म माना जा रहा है। मधानियां एक दिल छू लेने वाली कहानी है प्यार और परिवारिक रिश्तों की, जिसमें नीरू बाजवा, देव खरौद, नव बाजवा और डेलबर आर्या अहम किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन मशहूर पंजाबी फिल्ममेकर नव बाजवा ने किया है। पोस्टर रिलीज के बाद से ही फिल्म को लेकर दर्शकों में काफी उत्साह है. लेकिन डेलबर आर्या के लिए इस फिल्म को खास बनाने वाली बात ये है कि उन्हें भारत की जानी-मानी और आइकॉनिक एक्ट्रेस पूनम ढिल्लों के साथ काम करने का मौका मिला है। डेलबर के लिए ये अनुभव बेहद खास और यादगार रहा, डेलबर कहती हैं, 'मेरे जैसे एक्टर के लिए पूनम मैम जैसी दिग्गज एक्ट्रेस के साथ काम करना एक बहुत बड़ा अवसर है। फिल्म में मेरे और पूनम मैम के ज्यादातर सीन साथ में हैं। मैं फिल्म में 'जैज़' का किरदार निभा रही हूं और वह मेरी 'नानी' बनी हैं। फिल्म में हमारी नानी-नातिन की बहुत प्यारी बॉन्डिंग दिखाई गई है। मुझे आज भी याद है, जब मैंने उन्हें पहली बार देखा तो मैं देखती ही रह गई। वो इतनी खूबसूरत हैं कि लगता है जैसे उम्र उनके लिए उल्टी चल रही हो। उनकी ग्रेस, चार्म और स्क्रीन प्रेजेंस कमाल की है।' वो आगे कहती हैं, मैं इस मौके के लिए बहुत आभारी हूं। पूनम मैम उन गिनी-चुनी एक्ट्रेसेज़ में से हैं जो जानती हैं कि उन्हें कैमरे के सामने क्या और कैसे करना है। लेकिन जो चीज मुझे सबसे ज्यादा छू गई, वो है उनका बर्ताव। शूटिंग के दौरान कभी भी उन्होंने ऐसा महसूस नहीं होने दिया कि मैं उनसे जूनियर हूं। वो टाइम निकालकर गाइड करती थीं, सुझाव देती थीं और अगर उन्हें मेरा काम पसंद आता था तो तारीफ भी करती थीं। उनके जैसी सीनियर एक्ट्रेस से ऐसा सपोर्ट मिलना बहुत मोटिवेटिंग है। मैं अब बेसब्री से इंतज़ार कर रही हूं कि जब ऑडियंस हमें साथ में स्क्रीन पर देखेगी तो उनकी क्या प्रतिक्रिया होगी। ये एक बहुत खास सफर रहा है। जैसे-जैसे मधानियां अपनी रिलीज़ की ओर बढ़ रही है, दर्शकों में इसके लिए उत्सुकता बढ़ती जा रही है।

# अमिताभ-जया की पहली नजर का प्यार



अमिताभ बच्चन जब फिल्मों में अभिनय के लिए संघर्ष करने मुंबई आए तब उन्हें ज्यादातर प्रोड्यूसर्स-डायरेक्टर्स से एक ही लाइन का सामना करना पड़ता था- कोई हीरोइन तुम्हारे साथ काम नहीं करना चाहेगी, तुम बहुत लंबे हो- अच्छा होगा अपने पिता के रास्ते पर चलो और कवि बन जाओ. लेकिन दिलचस्प बात ये कि आगे चलकर तमाम कद्दावर डायरेक्टरों का उन्हें साथ मिला और इंडस्ट्री में अपना कद बना चुकीं जया बच्चन (तब भादुड़ी) का भी भरपूर सहयोग मिला. जया तब गुड्डी और बावर्ची से अपनी पहचान बना चुकी थीं. वहीं आनंद और बॉम्बे टू गोवा में अमिताभ भी नोटिस कर लिए गए थे लेकिन कई प्रोड्यूसर-डायरेक्टर का नजरिया अब भी वैसा ही था.यकीनन जंजीर फिल्म और दोनों की शादी के बाद उनके बारे में यह नजरिया एकदम से बदल गया. आपको बता दें कि अमिताभ-जया की प्रेम कहानी सन् 1973 की सुपरहिट फिल्म जंजीर से भी पहले की है. दोनों की शादी साल 1973 में हुई. 3 जून को शादी की साल गिरह पर अमिताभ बच्चन ने एक्स पर इस बाबत एक पोस्ट शेयर की. फैन्स को शुक्रिया कहा. उन्होंने लिखा- जिन सब ने जया और मुझे, हमारी विवाह जयंती पर बधाइयां दी हैं, मैं अपना आभार और स्नेह व्यक्त करता हूं! सब को व्यक्तिगत रूप से उत्तर न दे पाऊंगा, क्षमा.गौरतलब है कि ज़ंजीर फिल्म के रिलीज से पहले ही दोनों एक-दूसरे को पसंद करने लगे थे. शुरुआती सफलता-असफलता के दौर में दोनों ने कुछेक फिल्मों में साथ-साथ काम भी किया था. ज़ंजीर से पहले दोनों की एकसाथ वाली फिल्में थीं- बंसी बिरजू और एक नज़र.

वहीं मिली, अभिमान जैसी फिल्में आने वाली थीं. इंडस्ट्री में दोनों की नजदीकी को लेकर गॉसिप बनने लगे थे. हालांकि अमिताभ इससे विचलित नहीं हुए. वह पूरी तैयारी के साथ आए थे. जब अमिताभ मुंबई में फिल्मों में रोल पाने के लिए संघर्ष कर रहे थे तब उनको उनके पिता हरिवंश राय बच्चन की वजह से काफी रिस्पांस मिलता था. फिल्म इंडस्ट्री में तब के तमाम कलाकार, निर्माता-निर्देशक या लेखक-गीतकार खुद को बच्चन जी की कविताओं के प्रशंसक बताते थे. उनमें ख्वाजा अहमद अब्बास, ऋषिकेश मुखर्जी, सुनील दत्त, मनोज कुमार जैसे दिग्गज भी शामिल थे. जया बच्चन को भी इस बात की भली भांति जानकारी थी और वह भी इस बात से प्रभावित थीं.

# आमिर खान की फिल्म होगी फ्री रिलीज



आमिर खान वापसी के लिए पूरी तरह से तैयार हैं. 'लाल सिंह चड्ढा' के बाद से ही उनका बेसब्री से इंतजार किया जा रहा था. लेकिन एक्टर लंबे ब्रेक के बाद अब कमबैक कर रहे हैं. उनकी फिल्म 'सितारे ज़मीं पर' आ रही है. जिसके ट्रेलर को फैन्स का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था. इसी बीच सुपरस्टार ने फैन्स के एक बड़ा ऐलान कर दिया है. अब आप भी आमिर खान की ये फिल्म फ्री में देख सकते हैं. पर आपके पास सिर्फ इतने दिनों का ही वक्त होगा. क्या हो रहा है, यहां समझिए.आमिर खान ने मीटअप के दौरान एक किस्सा सुनाया गया था. जहां फैन्स के कुछ कन्फ्यूजन को भी दूर करते नजर आए. हालांकि, मीटअप के दौरान होस्ट उस सीन को एक्टर के सामने दिखाना चाहती थीं. लेकिन वो हो नहीं पाया, क्योंकि 2007 में आई 'तारे जमीन पर' कहीं पर भी उपलब्ध नहीं है. जिस बात पर आमिर खान ने कहा कि- हां फिल्म कहीं भी नहीं है. आगे फैन्स के लिए बड़ा ऐलान कर दिया. उन्होंने कहा कि- एक काम करते हैं. आमिर खान टॉकीज नाम से मैंने एक यूट्यूब चैनल शुरू किया है. अपनी टीम से मैं कहूंगा कि 'तारे जमीन पर' को वहां फ्री में अपलोड कर दें. हालांकि, यह 1-2 हफ्ते के लिए ही उपलब्ध होगा. जिसके बाद वहां मौजूद ऑडियंस बेहद खुश हो गई. उन्हें एक्टर का आइडिया काफी पसंद आया है. बॉलीवुड हंगामा पर छपी रिपोर्ट के जरिए इस अनाउंसमेंट के बारे में जानकारी मिली है.

# 'ऑपरेशन सिंदूर' के नाम रही आईपीएल की क्लोजिंग सेरेमनी

## > देशभक्ति गीतों पर झूमे फैन्स




**अहमदाबाद.**



इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का फाइनल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में है. इस मुकाबले से पहले क्लोजिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया. यह सेरेमनी 'ऑपरेशन सिंदूर' को समर्पित रहा. भारतीय सशस्त्र बलों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर हमले किए थे. क्लोजिंग सेरेमनी में सिंगर शंकर महादेवन और उनके बेटे सिद्धार्थ और शिवम महादेवन ने देशभक्ति गीतों से फैन्स को झूमने पर मजबूर कर दिया. भारतीय सशस्त्र बलों का एक छोटा सा वीडियो बड़े पर्दे पर दिखाया गया. इसमें पिछले कुछ हफ्तों में सशस्त्र बलों के प्रति टीमों की श्रद्धांजलि भी दिखाई गई है. शंकर महादेवन ने अपने कई लोकप्रिय देशभक्ति गीतों जैसे- ऐ वतन, कंधों से मिलते हैं कंधे, वंदे मातरम के जरिए सशस्त्र बलों को ट्रिब्यूट दिया. इसके बाद फिल्म 83 का प्रसिद्ध गाना 'लेहरा दो' बजाया गया और उसके बाद दस मूवी का 'हिंदुस्तानी' सॉन्ग बजाया गया, जिससे स्टेडियम के अंदर का माहौल पूरी तरह से उत्साहपूर्ण हो गया.

## इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अनऑफिशियल टेस्ट



**नई दिल्ली.**

इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की शुरुआत होने से पहले ही भारतीय बल्लेबाजों ने अपना दम दिखा दिया है. इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अनऑफिशियल मैच में टीम के बल्लेबाजों ने खूब रन बनाए. जिससे चार दिवसीय ये मैच बिना किसी नतीजे से समाप्त हो गया. टीम के बल्लेबाज ने इस मैच में शानदार बल्लेबाजी की. करुण नायर ने तो इस मैच में दोहरा शतक ही ठोक दिया था. इससे कप्तान शुभमन गिल को बड़ी राहत मिली होगी. भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से पहला टेस्ट मैच खेला जाएगा. इस मैच में ये बल्लेबाज प्लेइंग इलेवन में शामिल हो सकते हैं. इंग्लैंड लायंस के खिलाफ मैच के चौथे दिन इंडिया-ए के चार बल्लेबाजों ने दूसरी पारी में फिफ्टी ठोक दी. सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी की. उन्होंने केवल 60 गेंदों में 8 चौके और दो छक्कों की मदद से 64 रन बनाए. जबकि कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन ने 68 रनों की पारी खेली. नंबर तीन पर ध्रुव जुरेल को फिर बल्लेबाजी करने का मौका मिला तो उन्होंने 53 गेंदों में नाबाद 53 रन की पारी खेली दी. पहली पारी में भी उन्होंने 94 रनों की पारी खेली थी. इसके अलावा नितीश रेड्डी में भी 47 गेंदों में 5 चौके और 3 छक्कों की मदद से 52 रनों की नाबाद पारी खेली. इससे इंडिया-ए ने दो विकेट पर 241 रन बनाए. इसके साथ ही ये मैच बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गया.

इससे पहले इंडिया ए के लिए पहली पारी में करुण नायर के 204 रनों की शानदार पारी खेली थी. उनके अलावा सरफराज खान (92 रन) और ध्रुव जुरैल (94 रन) की बेमिसाल पारी की मदद से इंडिया ए ने 557 रन का बनाए थे. इसके जवाब में इंग्लैंड लायंस ने भी दमदार तरीके से बल्लेबाजी की. टीम के लिए टॉम हैंस (171 रन), मैक्स होल्डन (101 रन) और डैन मूसली (113 रन) ने शानदार शतक जड़े. जिससे इंग्लैंड लायंस ने पहली पारी में 587 रन बनाकर 30 रन की बढ़त हासिल कर ली थी. भारत के लिए सबसे अधिक तीन विकेट मुकेश कुमार ने झटके. इसके अलावा शार्दुल ठाकुर ने दो विकेट चटकाए. अंशुल कंबोज, हर्षित राणा, करुण नायर, नीतीश रेड्डी और हर्ष दुबे को एक-एक विकेट मिला.

# टेस्ट से संन्यास के बाद विराट-रोहित की वापसी पर सस्पेंस

**नई दिल्ली.**



पिछले साल टी20 और हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट के बाद विराट कोहली और रोहित शर्मा अब केवल वनडे क्रिकेट के दौरान ही मैदान में दिखेंगे. इंग्लैंड दौरे से ठीक पहले इन दोनों खिलाड़ियों ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया था. शुभमन गिल की अगुवाई में एक युवा टीम इंग्लैंड से पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी. जिसकी शुरुआत 20 जून से होगी.

अब फैंस को ये चिंता है कि आखिर विराट और रोहित मैदान पर कब दिखेंगे तो इसका जवाब शायद बांग्लादेश दौरा हो सकता है, लेकिन अभी ये टूर निश्चित नहीं है, लेकिन इस दौरान क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने इन दोनों खिलाड़ियों को लेकर स्पेशल प्लान बनाया है. इंग्लैंड दौरे के बाद टीम इंडिया अगस्त में बांग्लादेश का दौरा करेगी. इस दौरान भारतीय टीम वहां पर तीन वनडे मैचों की सीरीज खेल सकती है.


शायद इस सीरीज में विराट कोहली और रोहित शर्मा खेल सकते हैं, लेकिन अभी ये दौरा निश्चित नहीं हैं. इसके बाद टीम इंडिया तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलने अक्तूबर में ऑस्ट्रेलिया जाएगी. इस दौर पर ये दोनों खिलाड़ी एक्शन में दिखेंगे. इस दौरान क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस खिलाड़ियों के लिए कुछ स्पेशल प्लान बनाया है. वो इस दोनों खिलाड़ियों की विदाई समारोह की योजना बना रहा है. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा, "ये आखिरी बार हो सकता है जब हम विराट कोहली और रोहित शर्मा को अपने देश में खेलते हुए देखें. अगर ऐसा होता है तो हम इन खिलाड़ियों के लिए कुछ स्पेशल प्लान करेंगे, क्योंकि अगर विराट और रोहित वनडे से भी संन्यास ले लेते हैं तो एक 'युग का अंत' हो जाएगा". हालांकि विराट कोहली और रोहित शर्मा का प्लान 2027 में वनडे वर्ल्ड में खेलने की योजना है, लेकिन ये बातें अभी फ्यूचर पर टिकी हुई है.

### क्या बीबीएल में खेलेंगे विराट?

**क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ ने कहा कि हम विराट कोहली को इस बार बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेलते हुए देखना चाहते हैं. इसके लिए हम बीसीसीआई बात करेंगे. हम विराट को बीबीएल में खेलेते हुए देखना चाहते हैं. हालांकि बीसीसीआई भारतीय खिलाड़ियों को किसी भी विदेशी लीग में खेलने की अनुमति नहीं देता है, लेकिन क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ को उम्मीद है कि वो बीबीएल को मना लेंगे.**

## क्वालीफायर-2 में हार के बाद टूटे रोहित

**नई दिल्ली.**



आईपीएल 2025 के क्वालीफायर-2 में मुंबई इंडियंस ने काफी खराब प्रदर्शन किया और इसी वजह से उन्हें पंजाब किंग्स के खिलाफ हार झेलनी पड़ी. जिसके चलते मुंबई इंडियंस का आईपीएल 2025 के फाइनल में पहुंचने का सपना चकनाचूर हो गया. क्वालीफायर-2 के मुकाबले के बाद सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें मुंबई इंडियंस के अनुभवी खिलाड़ी रोहित शर्मा काफी परेशान नजर आ रहे हैं.

मुंबई इंडियंस ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया है जिसमें टीम के साथियों को रोहित शर्मा का ऑटोग्राफ लेते हुए देखा जा सकता है. इस वीडियो में सबसे पहले युवा खिलाड़ी रॉबिन मिंज नजर आए. रोहित शर्मा ने रॉबिन को अपना बल्ला गिफ्ट के रूप में दिया और उसपर ऑटोग्राफ भी दिया. यही नहीं बाकी खिलाड़ियों को भी रोहित के साथ फोटो लेते हुए देखा गया. इस वीडियो में इंग्लैंड के धाकड़ बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो भी नजर आए. वह भी रोहित शर्मा के बल्ले से शॉट का अभ्यास कर रहे थे. घातक स्पिनर कर्ण शर्मा ने भी सलामी बल्लेबाज से उनका बल्ला मांगा लेकिन रोहित शर्मा ने कहा कि अब उनके पास बैट नहीं बचा है. वीडियो के अंत में रोहित शर्मा को यह बोलते हुए सुना गया कि खिलाड़ियों ने उनके 6 बैट ले लिए. मुंबई इंडियंस टीम फाइनल में अपनी जगह नहीं बना पाई.

पंजाब किंग्स ने उन्हें 5 विकेट से हराया. इस मैच में रोहित शर्मा बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रहे और 8 रन बनाकर आउट हो टीम की ओर से सूर्यकुमार यादव ने 44 रन बनाए थे जबकि तिलक वर्मा ने भी 44 रन का योगदान दिया था. हालांकि, पंजाब किंग्स की ओर से कप्तान श्रेयस अय्यर ने धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए 87* रन की मैच विनिंग पारी खेली. रोहित शर्मा के आईपीएल 2025 के आंकड़ों की बात की जाए तो उन्होंने 15 मैच में 418 रन बनाए. सलामी बल्लेबाज ने इस सीजन में चार अर्धशतक जड़े. आईपीएल 2025 का फाइनल मैच पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच आज यानी 3 जून को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा. दोनों ही खिलाड़ियों को इस मैच में बेहतरीन क्रिकेट खेलते हुए देखा जा सकता है.

## करण के.सी. के ऑलराउंड जलवे

### नेपाल ने स्कॉटलैंड को आखिरी गेंद पर हराया



**काठमांडू.**

आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग 2 2023-27 के शानदार मैच में नेपाल ने स्कॉटलैंड को 1 विकेट से हराया. इस मैच में नेपाल की ओर से बेहतरीन खिलाड़ी करण के.सी. ने धमाकेदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई. करण के.सी. ने सिर्फ बल्ले से ही नहीं बल्कि गेंदबाजी से भी फैंस का दिल जीत लिया. वहीं मैच की आखिरी गेंद पर कुछ ऐसा हुआ जिसको देख सभी फैंस हैरान रह गए. बता दें कि, आखिरी गेंद पर नेपाल को 1 रन की जरूरत थी. स्कॉटलैंड के स्पिनर मार्क वॉट ने वाइड गेंद फेंकी जिसपर नेपाल का बल्लेबाज रनआउट तो हो गए लेकिन अंपायर का फैसला देखने के बाद नेपाल टीम उत्साहित हो गई. अंपायर ने वाइड का फैसला दिया और नेपाल ने मुकाबले को 1 विकेट से जीता क्यूंकि उन्हें 1 रन की ही जरूरत थी जो उन्हें वाइड से मिल गया. इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कॉटलैंड ने 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 296 रन बनाए. टीम की ओर से सलामी बल्लेबाज चार्ली टीयर ने 80 रन की पारी खेली जबकि फिनले मैक्रेथ ने 55 रन का योगदान दिया. चार्ली टीयर ने अपनी 80 रन की पारी के दौरान 12 चौके और एक छक्का जड़ा. कप्तान रिची बैरिंगटन ने 40 रन बनाए. नेपाल की ओर से करण के.सी. ने घातक गेंदबाजी करते हुए 10 ओवर में 43 रन देकर दो विकेट हासिल किए. उन्होंने इस मैच में स्कॉटलैंड के कप्तान रिची बैरिंगटन को आउट किया जबकि चार्ली टीयर को भी नेपाल के गेंदबाज ने वापस पवेलियन की राह दिखाई.

## वैभव सूर्यवंशी अवॉर्ड की रेस में शामिल



**नई दिल्ली.** आईपीएल 2025 का अब अंत होने जा रहा है. इस सीजन में कई युवा खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया. हालांकि, बिहार के 14 साल के सनसनीखेज बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से सभी का ध्यान खींचा, वह इस बार सबसे ज्यादा सुर्खियों में रहे. राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले वैभव अब आईपीएल 2025 के जमकर रन बनाए. वह बड़े-बड़े गेंदबाजों पर भारी पड़े. अब वह आईपीएल का एक बड़ा अवॉर्ड जीतने की रेस में भी हैं. बिहार के समस्तीपुर जिले के ताजपुर गांव में 27 मार्च 2011 को जन्मे वैभव सूर्यवंशी ने क्रिकेट की दुनिया में तहलका मचा दिया है. सिर्फ 14 साल की उम्र में, वैभव ने न केवल आईपीएल में सबसे कम उम्र में डेब्यू करने का रिकॉर्ड बनाया, बल्कि टी20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक लगाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी अपने नाम किया. 19 अप्रैल 2025 को, लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में 14 साल और 23 दिन की उम्र में डेब्यू करते हुए.

## गिल और साई सुदर्शन सीधे मुख्य टीम के साथ इंग्लैंड रवाना होंगे



**नई दिल्ली.** भारतीय टीम के इंग्लैड दौरे को लेकर बड़ी अहम खबर सामने आ रही है। दरअसल, भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल इंग्लैंड लॉयंस और इंडिया ए के बीच नॉर्थम्पटन में 6 जून से शुरू होने वाले दूसरे अनौपचारिक टेस्ट में नहीं खेलेंगे। इंग्लैंड में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए टीम की घोषणा करते समय बीसीसीआई ने कहा था कि शुभमन गिल अपने गुजरात टाइटंस (जीटी) के ओपनिंग पार्टनर बी साई सुदर्शन के साथ इस मैच से पहले इंडिया-ए टीम से जुड़ेंगे।

लेकिन एक रिपोर्ट के मुताबिक अब शुभमन गिल और साई सुदर्शन मुख्य टीम के साथ ही इंग्लैंड की यात्रा करेंगे, जो 6 जून को वहां पहुंचेगी। हालांकि केएल राहुल के इस मैच में खेलने की उम्मीद है क्योंकि वह मंगलवार को इंडिया ए से जुड़ गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पहला टेस्ट 20 जून को लीड्स में शुरू होगा। इंग्लैंड लॉयंस के पास पहले मैच में सिर्फ छह टेस्ट कैप्स थे, इस मैच में क्रिस वोक्स की मौजूदगी से वे मजबूत हो सकते हैं।

आकाश दीप भी इंडिया ए के वास्ते चयन के लिए उपलब्ध होंगे। यह तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद पीठ की चोट से जूझ रहा था। लेकिन अप्रैल की शुरुआत में फिट घोषित किया गया और इसके बाद वह आईपीएल 2025 में खेले। आकाश दीप पहले मैच के दौरान भी कैंटरबरी में मौजूद थे, लेकिन उन्होंने मुख्य रूप से अभ्यास किया और चारों दिनों में ब्रेक के दौरान थोड़ी-थोड़ी गेंदबाजी की। सोमवार को लॉयंस और इंडिया ए के बीच पहला मैच ड्रॉ रहा। यह पिच सपाट और धीमी थी, जिससे गेंदबाज़ों के लिए मुश्किल रही।

# न्यूजीलैंड की नई सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट का ऐलान

### पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ी को मिली जगह

**नई दिल्ली.**



न्यूजीलैंड क्रिकेट ने हाल ही में अपने 2025-26 सीजन के लिए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का ऐलान किया है. केन विलियमसन, डेवॉन कॉनवे, फिन एलन, टिम सीफर्ट और लॉकी फर्गुसन जैसे स्टार खिलाड़ी इस लिस्ट का हिस्सा नहीं हैं. वहीं, चार खिलाड़ियों को पहली बार सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट दिया गया है. इन 4 खिलाड़ियों में एक मुस्लिम क्रिकेटर भी शामिल है. खास बात ये है कि ये खिलाड़ी पाकिस्तानी मूल का है और इसी साथ उसने डेब्यू मैच में इतिहास रचा था. ड़ी को मिला सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट, न्यूजीलैंड क्रिकेट ने जिन 20 खिलाड़ियों को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट दिया है, उसमें युवा ऑलराउंडर मोहम्मद अब्बास को शामिल किया गया है. इसी के साथ 21 साल के मोहम्मद अब्बास न्यूजीलैंड क्रिकेट के इतिहास में सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने वाले दूसरे मुस्लिम खिलाड़ी बन गए हैं. मोहम्मद अब्बास का न्यूजीलैंड के 2025-26 सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल होना उनके करियर का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है. वह न्यूजीलैंड क्रिकेट के इतिहास में एजाज पटेल के बाद दूसरे मुस्लिम खिलाड़ी हैं, जिन्हें यह बड़ा मौका मिला है.

### डेब्यू मैच में खेली ऐतिहासिक पारी

**मोहम्मद अब्बास ने 29 मार्च 2025 को पाकिस्तान के खिलाफ अपना पहले इंटरनेशनल मैच खेला था. नेपियर के मैकलीन पार्क में खेले गए इस वनडे मैच में उन्होंने सिर्फ 24 गेंदों में 52 रन बनाकर वनडे डेब्यू पर सबसे तेज अर्धशतक का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था, जिसने भारत के क्रुणाल पंड्या के 26 गेंदों के रिकॉर्ड को तोड़ा. इस पारी में तीन चौके और तीन छक्के शामिल थे. इसके अलावा, उन्होंने गेंदबाजी में भी प्रभावित किया और पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान का विकेट लिया था. वह न्यूजीलैंड के लिए अभी तक 3 वनडे मैच खेल चुके हैं.**

## नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 अब कल बेंगलुरु में होगा आयोजित



**बेंगलुरु.** नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 का आयोजन अब 5 जुलाई को बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में होगा, जिसमें 12 भाला फेंक खिलाड़ी भाग लेंगे। आयोजकों ने मंगलवार को इसकी घोषणा की है।

इससे पहले यह आयोजन 24 मई को होना था, लेकिन भारत-पाकिस्तान विवाद के चलते सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए और राष्ट्र के साथ एकजुटता दिखाने के लिए इसे स्थगित कर दिया गया था। भारत की पहली अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता का ऐतिहासिक आयोजन जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इसे एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) ने मंजूरी दी है।

जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के चीफ कमर्शियल ऑफिसर करण यादव ने कहा, "नीरज चोपड़ा क्लासिक को इतनी जल्दी वापस लाने के लिए बड़े सामूहिक प्रयासों की जरूरत पड़ी है। हमें 5 जुलाई को इसकी वापसी की पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है। हमारी टीमों ने काफी मेहनत की है। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया, कर्नाटक ओलंपिक एसोसिएशन, कर्नाटक सरकार और हमारे सहयोगियों के अटूट समर्थन ने इसे मुमकिन बनाया है। इस आयोजन के इर्द-गिर्द मौजूद उत्साह पहले से कहीं ज्यादा है। हम भाला फेंक का ऐसा जश्न मनाने के लिए तैयार हैं, जो पहले से ज्यादा बेहतर और भी यादगार होगा।" वर्ल्ड एथलेटिक्स से स्वीकृत गोल्ड इवेंट के रूप में नीरज चोपड़ा क्लासिक, ग्लोबल एथलेटिक्स मैप पर भारत की स्थिति को ऊपर लाता है। इसमें एलीट जैवलिन थ्रोअर्स की शानदार लाइन-अप शामिल होगी, जिसमें टोक्यो ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा, थॉमस रोहलर, एंडरसन पीटर्स समेत कई ओलंपिक मेडलिस्ट हिस्सा लेंगे।

# पूर्वोत्तर में बाढ़ और भूस्खलन से तबाही

## > पीएम मोदी ने हालात की समीक्षा की

**दिसपुर.**





नॉर्थ ईस्ट में इस समय भारी तबाही मची हुई है. असम से लेकर सिक्किम, मणिपुर, त्रिपुरा, मिजोरम, नागालैंड समेत पूरा पूर्वोत्तर इस समय आसमानी आफत का सामना कर रहा है. इन हालातों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यों के सीएम से बात की और हालातों का जायजा लिया.

पीएम ने हर मुमकिन मदद पेश की. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारी बारिश के बाद बाढ़ से जूझ रहे पूर्वोत्तर के राज्यों को हर संभव मदद की पेशकश की है. पीएम मोदी ने असम और सिक्किम के मुख्यमंत्रियों हिमंत बिस्वा सरमा और प्रेम सिंह तमांग, मणिपुर के राज्यपाल अजय भल्ला से बात कर स्थिति का जायजा लिया. प्रधानमंत्री ने उन्हें केंद्र की ओर से हर संभव मदद और समर्थन का आश्वासन दिया. पूर्वोत्तर में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है. पिछले कुछ दिनों में भारी बारिश की वजह से आई बाढ़ और लैंडस्लाइड की वजह से मरने वालों की संख्या सोमवार को बढ़कर 36 हो गई, जबकि क्षेत्र के कई राज्यों में 5.5 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं.

असम के मुख्यमंत्री ने फोन पर मोदी के साथ हुई बातचीत के दौरान उन्हें बताया कि असम और आसपास के राज्यों में लगातार बारिश की वजह से बाढ़ आई है और इसकी वजह से लोग प्रभावित हुए हैं.

सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट कर कहा, प्रधानमंत्री मोदी जी ने मुझे असम में बाढ़ के हालात के बारे में जानकारी लेने के लिए फोन किया था. मैंने उन्हें बताया कि कैसे असम और आसपास के राज्यों में लगातार बारिश की वजह से बाढ़ आ गई है और कई जिंदगियां प्रभावित हुई हैं.

मैंने उन्हें राज्य सरकार की तरफ से किए गए राहत अभियान से भी अवगत कराया. माननीय प्रधान मंत्री ने चिंता व्यक्त की और हमारे राहत और पुनर्वास प्रयासों के लिए केंद्र सरकार से पूरे समर्थन का आश्वासन दिया. असम के लोगों के प्रति उनके मार्गदर्शन और अटूट समर्थन के लिए आभारी हूं.

### असम में कैसे हालात?

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, राज्य में बाढ़ और भूस्खलन में अब तक 11 लोग मारे गए हैं, जबकि 20 से अधिक जिलों में 5.35 लाख से अधिक आबादी बाढ़ से प्रभावित हुए हैं. असम में बाढ़ की स्थिति सोमवार को भी लगातार चिंताजनक बनी रही. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने आने वाले दिनों में राज्य में और अधिक बारिश की भविष्यवाणी की है. इसी बीच सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी कि उन्होंने इन हालातों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की है.

# मैक्रों को गोद में ले गए बदमाश

## >फ्रांस में चोरी का ड्रामा

**पेरिस.**



फ्रांस की राजधानी पेरिस के एक प्रतिष्ठित म्यूजियम में उस समय हड़कंप मच गया, जब राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की मोम की प्रतिमा अचानक गायब हो गई. ये घटना किसी फिल्मी सीन से कम नहीं थी. रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ लोग म्यूजियम में टूरिस्ट बनकर घुसे और राष्ट्रपति मैक्रों के पुतले को 'गोद में उठाकर' म्यूजियम से बाहर निकल गए. बाद में पता चला कि ये सब एक विरोध प्रदर्शन का हिस्सा था.यह घटना ग्रेविन म्यूजियम की है, जो फ्रांस का एक प्रमुख वैक्स म्यूजियम है. यहां मैक्रों की मोम की प्रतिमा 2018 में लगाई गई थी और यह दर्शकों के बीच एक लोकप्रिय राजनीतिक आकृति मानी जाती थी. म्यूजियम प्रशासन के मुताबिक, दो महिलाएं और एक पुरुष टूरिस्ट बनकर म्यूजियम में दाखिल हुए और इमरजेंसी एग्जिट से प्रतिमा को लेकर बाहर चले गए.

इन कार्यकर्ताओं ने मैक्रों की मोम की प्रतिमा को पेरिस स्थित रूसी दूतावास के सामने जाकर खड़ा कर दिया. उनका कहना है कि फ्रांस एक ओर यूक्रेन के समर्थन में खड़ा है, वहीं दूसरी ओर वह रूस से व्यापारिक रिश्ते बनाए रखे हुए है. ग्रीनपीस ने इसे फ्रांस की "दोहरी नीति" बताया और कहा कि राष्ट्रपति मैक्रों इसके प्रतीक हैं.

ग्रीनपीस फ्रांस के प्रमुख जीन-फ्रांस्वा जुलियार्ड ने कहा कि हमारे लिए यह दोहरा रवैया है. राष्ट्रपति मैक्रों एक ओर यूक्रेन का समर्थन करते हैं, लेकिन फ्रांसीसी कंपनियों को रूस से व्यापार जारी रखने की छूट भी देते हैं. यूरोप के नेता होने के नाते उन्हें इस दोहरेपन को खत्म करने की पहल करनी चाहिए. रूस-यूक्रेन युद्ध फरवरी 2022 में शुरू हुआ था, और तब से फ्रांस ने यूक्रेन के समर्थन में कई रणनीतिक कदम उठाए हैं. लेकिन ग्रीनपीस का तर्क है कि असली बदलाव तब आएगा, जब रूस से आर्थिक रिश्तों पर भी कठोर निर्णय लिए जाएंगे. मैक्रों की मोम की प्रतिमा को प्रतीक बनाकर किया गया यह विरोध प्रदर्शन न सिर्फ चौंकाने वाला है, बल्कि फ्रांसीसी राजनीति में नई बहस भी छेड़ रहा है.

# बहराइच में भेड़िये का आतंक

## > मां की गोद से बच्चा उठा ले गया



**लखनऊ.**

क्या उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में फिर भेड़िया लौट आया है?... ये सवाल इसलिए हो रहा है कि, क्योंकि जिस महसी इलाके में अभी साल भर पहले भेड़ियों ने आतंक मचाया था, वहीं पर सोमवार देर रात एक दो वर्षीय बच्चे को एक आदमखोर जानवर उठा ले गया. खोजबीन करने के बाद बच्चे का शव गन्ने के खेत में क्षत-विक्षत अवस्था में बरामद हुआ.

घटना महसी इलाके के हरदी थाना क्षेत्र के गढ़ीपुरवा गांव की है. बच्चे का नाम आयुष (2) था. आयुष सोमवार रात अपनी मां की गोद में सोया हुआ था. तभी अचानक आदमखोर जानवर आया और आयुष को मां की गोद से छीनकर ले भागा. बदहवास हालत में मां खुशबू चीखने-चिल्लाने लगी.

आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए.इसी बीच ग्रामीणों ने वन विभाग को भी घटना की जानकारी दी. ग्रामीणों ने बताया कि काफी देर तक खोजबीन करने के बाद आयुष का शव एक गन्ने के खेत में मिला. जानवर बच्चे के दोनों हाथ और एक पैर खा गया था, जबकि शरीर पर कई जगह दांतों के निशान थे.

चूंकि इसी महसी इलाके में पिछले साल भेड़िये ने एक महिला समेत 10 बच्चों को निवाला बना लिया था, जबकि 60 से अधिक लोग घायल होकर अस्पताल पहुंचे थे.


फिलहाल वन विभाग की टीम ने जांच शुरू कर दी है. अजीत सिंह ने बताया कि जिस जगह बच्चे का शव मिला है, वहां से कुछ दूरी पर सियार देखे गए हैं.

हालांकि जांच करने के बाद ही स्थित साफ की जा सकेगी कि किस जानवर ने बच्चे को निवाला बनाया है. ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है. साथ ही, जंगली जानवर को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाने और गश्त बढ़ाने की योजना बनाई जा रही है. फिलहाल इस घटना से आसपास के ग्रामीणों में डर का माहौल बन गया है.

# पाकिस्तान में सोशल मीडिया स्टार का मर्डर

## >लाखों फॉलोअर्स सकते में

**लाहौर.**



पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में सोमवार को 17 साल की टिकटॉकर सना यूसुफ की उनके घर में गोली मारकर हत्या कर दी गई. हमलावर सना के घर मेहमान बनकर आया था और वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गया. ये सनसनीखेज वारदात इस्लामाबाद के सेक्टर जी -13 में हुई.

हमलावर ने सना को बेहद करीब से दो गोलियां मारीं और उसका मोबाइल फोन लेकर फरार हो गया. ये इलाका सुंबल पुलिस थाने के अंतर्गत आता है. सूत्रों के मुताबिक, हमलावर ने पहले सना के घर में घुसकर उसे शूट किया और फिर तेजी से भाग गया. किसी को संभलने का मौका भी नहीं मिला. सना यूसुफ पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के चितराल जिले की रहने वाली थीं. वह पिछले कुछ समय से इस्लामाबाद में रह रही थीं. सना ने बहुत कम उम्र में टिक टोक पर एक बड़ी फैन फॉलोइंग बना ली थी और सोशल मीडिया पर काफी पॉपुलर थीं. सना के शव को पोस्टमार्टम के लिए पाकिस्तान इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ भेजा गया है. पुलिस जांच में जुटी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, लेकिन अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है.

हत्या के पीछे की वजह अभी साफ नहीं है, लेकिन कुछ संभावनाएं सामने आई हैं. कहा जा रहा है कि ये हॉरर किलिंग हो सकती है यानी जानबूझकर डराने या धमकाने के मकसद से हत्या की गई है. या फिर किसी पुरानी दुश्मनी की वजह से वारदात को अंजाम दिया गया. बताया ये भी जा रहा है कि लूटपाट भी हत्या की वजह हो सकती है क्योंकि क्योंकि सना का मोबाइल भी गायब है. पुलिस सभी एंगल से मामले की जांच कर रही है. जैसे ही सना की मौत की खबर फैली, सोशल मीडिया पर शोक और गुस्से की लहर दौड़ गई. लाखों फॉलोअर्स ने न्याय की मांग की है और पाकिस्तान में महिला इन्फ्लुएंसर्स की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े किए हैं.

# 'जहां झुग्गी-वहां मकान' बना धोखा



## >सिसोदिया ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली.**

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने दिल्ली में बीजेपी सरकार पर बड़ा हमला बोला है. उन्होंने कहा कि दिल्ली में सत्ता मिलते ही झुग्गियों को निशाना बनाया जा रहा है. सरकार जहां झुग्गी-वहां मकान देने का वादा भूल गई. दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली में भाजपा का चुनावी वादा एक जुमला साबित हुआ. दिल्ली का मज़दूर, घरेलू कामगार, रिक्शाचालक और दिहाड़ी मज़दूर जिनकी मेहनत से देश की राजधानी चलती है, आज उनकी झुग्गियां बुलडोज़र से ध्वस्त की जा रही है.

मनीष सिसोदिया ने सवाल उठाया कि जनता ने जिन विधायकों को चुना, वे आज कहां हैं? ना जवाब मिल रहा है, ना ज़मीन पर कोई दिखाई दे रहा है. झुग्गियों में दी जाने वाली बिजली-पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं तो छोड़िए, अब तो मेहनत से बनाई गई छत भी इनसे छीनी जा रही है. मनीष सिसोदिया ने सवाल उठाया कि क्या यही सबका साथ, सबका विकास है?

मनीष सिसोदिया ने कहा कि झुग्गीवालों ने उनके सामने अपनी-अपनी पीड़ा रखी. उन्होंने कहा कि केजरीवाल की सरकार बढ़िया काम कर रही थी. पहले पानी की भी कोई दिक्कत नहीं थी. बिजली एक बार भी बंद नहीं होती थी. 24 घंटे बिजली थी, 24 घंटे पानी था. आज यहां झुग्गियों को ध्वस्त किया गया है. अरविंद केजरीवाल सत्ता से चले गए, इसलिए झुग्गीवाले बहुत दुखी हो रहे हैं.

मनीष सिसोदिया के मुताबिक झुग्गी वासियों ने उनसे कहा कि घर में बुजुर्ग और बच्चे भी हैं. उनकी मां घर में हैं और वह खुद ही कमाने वाली हैं.

यहां की कई महिलाएं कोठियों में झाड़ू-पोछा करके गुजारा करती हैं. अभी हमारे पास किराए पर रहने की भी स्थिति नहीं है और न ही कहीं जाने की कोई स्थिति है.

# हजारों दलित परिवारों का कर्ज माफ

## >भगवंत मान सरकार का फैसला

**चंडीगढ़.**



पंजाब की भगवंत मान सरकार ने दलित परिवारों के लिए बड़ा फैसला लिया है. सरकार ने 4,000 से अधिक दलित परिवारों के करीब 68 करोड़ रुपए के कर्ज माफ करने का ऐलान किया है. ये परिवार पंजाब अनुसूचित जाति भूमि विकास एवं वित्त निगम से लिए गए कर्ज़ को चुका पाने में असमर्थ थे. इस फैसले का ऐलान मंगलवार (3 जून) को चंडीगढ़ में हुई कैबिनेट की बैठक के बाद किया गया.

दरअसल आज चंडीगढ़ में पंजाब कैबिनेट की एक अहम बैठक बुलाई गई थी. इस दौरान वित्त मंत्री हरपाल चीमा द्वारा विधानसभा के बजट सत्र में किए वादे को पूरा करते हुए अनुसूचित जाति के परिवारों का 68 करोड़ रुपए का कर्जा माफ करने का फैसला लिया गया. सीएम मान ने कहा कि, पंजाब सचेंडुलेड कास्टस लैंड डेवलपमेंट एंड फाइनेंस कारपोरेशन द्वारा 31 मार्च 2020 तक दिए गए सभी कर्ज माफ किए जाएंगे.

सीएम ने कहा कि जब लोग कर्ज नहीं चुका पाते तो उनके ऊपर सामाजिक और मानसिक दबाव बढ़ जाता है. ऐसे में ये सरकार की जिम्मेदारी है कि वह अपने लोगों का सहारा बने. उन्होंने कहा कि मेहनत करने के बावजूद भी हालातों से हार चुके लोगों के साथ आम आदमी पार्टी की सरकार हमेशा खड़ी है. उन्हें बुरे हालातों से बाहर निकालने के लिए हम लगातार कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि सरकार का यह फैसला हजारों एससी गरीब परिवारों के कर्ज के बोझ को हटाने के साथ उन्हें राहत पहुंचाएगा.

भगवंत मान ने ये भी कहा कि पिछली सरकारों ने दलितों को सिर्फ वोट बैंक समझा, लेकिन हमारी सरकार (आम आदमी पार्टी) दलित परिवारों का दर्द समझती है. सीएम ने कहा कि पंजाब सरकार दलितों को हमेशा बराबरी, अधिकार और सम्मान देने के लिए वचनबद्ध हैं.

उन्होंने कहा कि आज पंजाब के हजारों एससी गरीब परिवारों के लिए बड़ा दिन है. हम जो वादे करते हैं, उन्हें पूरा करते हैं. सीएम ने कहा कि आम आदमी पार्टी किसी भी समाज को केवल वोट बैंक नहीं समझती. हम सभी को पंजाबी समझते हैं और उनके लिए काम करते हैं.

# कुवैत में हर दिन टूट रही हैं 15 शादियां

**कुवैत.**



कुवैत में शादियों और तलाक को लेकर हाल ही में जो आंकड़े सामने आए हैं, वे चौंकाने वाले हैं. देश में हर दिन औसतन 15 कुवैती पुरुष अपनी पत्नी से तलाक ले रहे हैं. इसके अलावा, सरकार द्वारा नागरिकता कानून में किए गए एक अहम बदलाव के बाद शादी के पैटर्न में भी बड़ा बदलाव देखा जा रहा है. अब कुवैती पुरुषों में विदेशी महिलाओं से शादी करने का रुझान घटा है और कुवैती महिलाओं से शादी बढ़ी है.कुवैत के न्याय मंत्रालय के शरिया डॉक्यूमेंटेशन विभाग द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2025 से अप्रैल 2025 तक 2,916 कुवैती पुरुषों ने कुवैती महिलाओं से शादी की. वहीं, विदेशी महिलाओं से शादी के मामले केवल 332 रहे. इस दौरान 133 कुवैती महिलाओं ने भी विदेशी पुरुषों से शादी की. 44 कुवैती पुरुषों और 10 महिलाओं ने बेदून (राज्यविहीन लोगों) से विवाह किया.

तलाक के आंकड़ों की बात करें तो इन चार महीनों में कुल 1,419 कुवैती पति-पत्नी ने एक-दूसरे से तलाक लिया. इसके अलावा 332 कुवैती पुरुषों ने अपनी गैर-कुवैती पत्नियों से और 141 कुवैती महिलाओं ने गैर-कुवैती पतियों से तलाक लिया. यानी हर दिन औसतन 15 से ज्यादा तलाक के मामले सामने आए हैं. यह आंकड़ा कुवैत के पारिवारिक ढांचे और सामाजिक बदलावों पर सवाल खड़े करता है.

स्पष्ट किया गया है कि किसी कुवैती पुरुष से शादी करने वाली विदेशी महिला को स्वतः नागरिकता नहीं मिलेगी. इस कानून का उद्देश्य कुवैती पहचान को सुरक्षित रखना और जनसंख्या के ढांचे में संतुलन बनाए रखना है. इसके चलते अब कुवैती पुरुष अधिकतर देश के भीतर ही विवाह करना पसंद कर रहे हैं.यह स्थिति न केवल सामाजिक संतुलन पर असर डाल सकती है, बल्कि आने वाले समय में देश की जनसांख्यिकी नीति और पारिवारिक व्यवस्थाओं को भी प्रभावित कर सकती है.




# सोलन में छात्रों से संवाद करेंगे उपराष्ट्रपति धनखड़

## > 5 जून से हिमाचल-चंडीगढ़ दौरा शुरू

**चंडीगढ़.**



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरुवार (पांच से सात जून तक) से चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश के 3 दिन के दौरे पर रहेंगे. उपराष्ट्रपति के ऑफिस की ओर से आज मंगलवार को उनकी आगामी यात्रा को लेकर जानकारी दी गई.

धनखड़ रविवार को पत्नी सुदेश धनखड़ के साथ उत्तर प्रदेश के दौरे पर आगरा गए थे. चंडीगढ़ और हिमाचल दौरे के दौरान उपराष्ट्रपति धनखड़ हिमाचल के सोलन में डॉ. वाईएस परमार बागवानी और वानिकी विश्वविद्यालय के छात्रों तथा शिक्षकों से संवाद भी करेंगे. इस विश्वविद्यालय की स्थापना 1 दिसंबर, 1985 को बागवानी, वानिकी और संबद्ध विषयों के क्षेत्र में शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देने के मकसद से की गई थी.

इससे पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को उत्तर प्रदेश के आगरा के दौरे पर थे. वह यहां अहिल्याबाई होल्कर के 300वें जयंती वर्ष के स्मृति अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए थे. कार्यक्रम में अपने संबोधन में उपराष्ट्रपति ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती सिर्फ एक तारीख या ऐतिहासिक घटना नहीं है.

यह हम सभी के लिए एक जीवन दर्शन की तरह है. उस कठिन दौर में भी अहिल्याबाई महान भारत की महान परंपरा की प्रतिनिधि थीं जहां धर्म, संस्कृति और शासन एक ही धारा में प्रवाहित होते थे.

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तुलना अहिल्याबाई होल्कर से करते हुए कहा कि अहिल्याबाई की सोच विधि की रचना की तरह सीएम आदित्यनाथ में आ गई है.

आने वाली पीढ़ियां उनके कामों को ठीक उसी तरह याद करेंगी जैसे हम आज अहिल्याबाई के कामों की करते हैं.

### योगी ने दोहराया अहिल्याबाई का मंदिर विकास मॉडल

अहिल्याबाई और योगी आदित्यनाथ की तुलना करते हुए उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा,"लोकमाता अहिल्याबाई ने कई मंदिर बनवाए. सोमनाथ, काशी विश्वनाथ, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, बद्रीनाथ, केदारनाथ, रामेश्वरम और न जाने कितने मंदिर उनके हाथ से संजीवित हुए. इस मौके पर मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संदर्भ में भी कहना चाहूंगा जो काम अहिल्याबाई होलकर ने किया, उसी तरह का काम यूपी के मुख्यमंत्री ने किया और प्रदेश की काया पलट दी. काशी विश्वनाथ,अयोध्या और सभी जगह काफी काम हुआ. आने वाली पीढ़ियां मुख्यमंत्री के इस काम को वैसे ही याद करेंगी जैसे हम आज अहिल्याबाई होलकर को याद करते हैं.